उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष–8 अंक –37)
पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 16 अक्तूबर, 2023



▶ योगी के एक बयान से भड़क गया पाकिस्तान ▶ पुलिस की नाकामी से इटावा में न हो जाए देवरिया नरसंहार ▶ रोहित की धुआंधार पारी, पाकिस्तान पर पड़ी भारी

## न्यूज संक्षिप्त

### 23 अगस्त 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में अधिसूचित

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने 23 अगस्त को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में अधिसूचित किया है। इसी दिन चंद्रयान-3 ने चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। अंतरिक्ष विभाग द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया, 'ज्भारत सरकार ने इस ऐतिहासिक क्षण को मनाने के लिए हर साल 23 अगस्त को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' घोषित किया है।' भारत चंद्रमा पर अंतरिक्ष यान उतारने वाला दुनिया का चौथा और चंद्रमा की सतह के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला देश बन गया है। लैंडर 'विक्रम' ने चंद्रमा की सतह का अध्ययन करने के लिए रोवर 'प्रज्ञान' को उतारा था। अधिसूचना में कहा गया है, 'इस ऐतिहासिक अभियान के नतीजे से आने वाले वर्षों में मानव जाति को लाभ होगा।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 26 अगस्त को बेंगलुरू में इसरो मुख्यालय के अपने दौरे के दौरान 23 अगस्त को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की थी

### 24 लोगों के खिलाफ सीबीआई केस दर्ज, 50 जगह छापे

सीबीआई ने पश्चिम बंगाल और गंगटोक में 50 स्थानों पर छापेमारी की। जाली दस्तावेजों के आधार पर पासपोर्ट जारी करने के आरोप में सरकारी अधिकारियों सहित 24 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि सीबीआई ने गंगटोक में पदस्थ एक अधिकारी और एक बिचौलिए को भी हिरासत में लिया है। सीबीआई अधिकारियों के छापे कोलकाता में पासपोर्ट कार्यालय के अलावा साल्ट लेक और हावड़ा में भी मारे।

### नशा तस्करी में यूपी का एसआई बर्खास्त, 4 पुलिसकर्मी सस्पेंड

गोरखपुर। गोरखपुर पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में एक पुलिस सब इंस्पेक्टर (एसआई) और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि गिरफ्तार एसआई को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है, वहीं इसी मामले में पड़ोसी महाराजगंज जिले के चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) केके विश्नोई ने बताया कि गोरखपुर के समन प्रकोष्ठ में तैनात लखनऊ निवासी दरोगा रवींद्र शुक्ला और उनके सहयोगी कुलवीर सिंह को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया था। विश्नोई के मुताबिक, आरोपी नेपाल से चरस लाते थे। उन्होंने बताया कि दरोगा समेत दोनों आरोपियों को गोरखपुर और महराजगंज पुलिस ने एक साझा अभियान में गिरफ्तार लिया गया।

# कांग्रेस ने पहली सूची में की 30 उम्मीदवारों की घोषणा

## पाटन से बघेल और अंबिकापुर से सिंहदेव लड़ेंगे चुनाव



रायपुर। छत्तीसगढ़ में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने राज्य में सत्ता बरकरार रखने के लिए पुराने नेताओं पर भरोसा जताने के साथ ही नये चेहरों को भी मौका देने की कोशिश की है। राज्य में अगले महीने की सात और 17 तारीख को दो चरणों में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने रविवार को 30 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी, जिसमें 22 मौजूदा विधायकों के नाम भी शामिल हैं। सूची में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव, विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत समेत सभी मंत्रियों को स्थान दिया गया है। पार्टी ने अपने प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक बैज को भी चुनाव मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने आठ मौजूदा विधायकों का टिकट काट दिया है और छह नये चेहरों को चुनाव मैदान में उतारने का फैसला किया है। पहली सूची की 30 सीटों में से 14 अनुसूचित जनजाति (एसटी) और तीन अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित हैं। अन्य 13 सामान्य सीटों में से नौ पर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है।पार्टी की ओर से जारी सूची के अनुसार, मुख्यमंत्री बघेल अपने वर्तमान विधानसभा क्षेत्र पाटन से ही चुनाव लड़ेंगे, जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार और उनके रिश्तेदार विजय बघेल उन्हें चुनौती दे रहे हैं। वहीं, उपमुख्यमंत्री सिंहदेव को भी उनके वर्तमान विधानसभा क्षेत्र अंबिकापुर से उम्मीदवार बनाया गया है। राज्य के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू को दुर्ग-ग्रामीण, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत को सक्ती और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा मंत्री मोहन मरकाम को कोंडागांव से टिकट दिया गया है। पार्टी ने चित्रकोट विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक राजमन बेंजाम का टिकट काट दिया है। उनके स्थान पर बस्तर क्षेत्र के सांसद और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को चुनाव मैदान में उतारने का फैसला लिया गया है। बैज ने चित्रकोट से 2018 का विधानसभा चुनाव जीता था, लेकिन 2019 में लोकसभा चुनाव में विजयी होने के बाद उन्होंने यह सीट खाली कर दी थी। कांग्रेस उम्मीदवार राजमन बेंजाम ने इस सीट पर हुए उपचुनाव में जीत हासिल की थी। पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव से उनके खिलाफ कांग्रेस नेता और छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन को चुनाव मैदान में उतारा है। देवांगन मुख्यमंत्री बघेल के करीबी माने जाते हैं। कांग्रेस ने अपनी पहली सूची में ही मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्रियों को शामिल किया है।सूची के मुताबिक, मंत्री अमरजीत भगत सीतापुर से, उमेश पटेल खरसिया से, जयसिंह अग्रवाल कोरबा से, शिवकुमार डहरिया आरंग से, अनिला भेड़िया डौंडी लोहारा से, रविंद्र चौबे साजा से, मोहम्मद अकबर कवर्धा से और कवासी लखमा कोंटा से चुनाव लडेंगे। पार्टी ने मंत्री गुरु रुद्र कुमार को नवागढ़ सीट से चुनाव मैदान में उतारने का फैसला किया है।

## ट्रक पर पत्थर फंकने से रोका तो सिपाही को पीटा, महिला सिपाही से भी अभद्रता, पांच पर केस दर्ज


लखनऊ। ट्रक पर पत्थर फेंकने से मना किया तो कुछ लोगों ने सिपाही की पिटाई कर दी। सिपाही को बचाने आई महिला सिपाही को भी लोगों ने पीट दिया। सिपाही की तहरीर पर दो महिला समेत पांच अज्ञात लोगों के विरूद्व केस दर्ज कर दो लोगों को जेल भेज दिया गया है।पुलिस के मुताबिक पुलिस लाईन में तैनात विधानसभा सुरक्षा मे लगा सिपाही होमेश यादव कस्बा मोहनलालगंज में किराए के कमरे में रहता है। शुक्रवार की रात सादे कपडों में ढाबे पर खाना खाने जा रहा था तभी रास्ते में आदर्श मार्ट के पास कुछ लोग एक ट्रक पर पत्थर मार रहे थे।सिपाही ने पत्थर मार रहे लोगों को टोका तो मारपीट करने लगे। शोर सुनकर आई महिला सिपाही आरती झा ने बीच–बचाव की कोशिश की तो आरोपियों ने महिला सिपाही से भी मारपीट की।

# इजराइल की हमास पर एयर स्ट्राक में मारा गया टॉप कमांडर बिलाल

## इस्लामिक जेहाद का हेड क्वार्टर भी कर दिया ध्वस्त

इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध में अब बड़ा मोड़ आ गया है। इजरायल और फिलस्तीनी आतंकी संगठन हमास के बीच जारी युद्ध में इजराइल को बड़ी उपलब्धि मिली है। इजराइल ने हमास के एक बड़े कमांडर को मार गिराया है। शनिवार की रात इजरायल की एयर फोर्स ने दक्षिणी खान यूनिस बटालियन पर एयर स्ट्राइक की है जिसमें बिलाल अल कदरा की मौत हो गई है।

गौरतलब है कि हमास के हमले में इजराइल में 1,300 से अधिक लोग मारे गए हैं जबकि इजराइल की जवाबी कार्रवाई में गाजा में कम से कम 1,900 लोग मारे गए हैं। इसी बीच इजराइल की एयर फोर्ट के लड़ाकू विमानों ने शनिवार की रात में गाजा पट्टी में आतंकी संगठन हमास की दक्षिण खान यूनिस बटालियन पर हमला किया और इसमें आतंकी को मार गिराया है। मारा गया आंतकी बिलाल अल कदरा है, जो कि इजराइल में कई मासूम लोगों की मौत का जिम्मेदार है। इसके कहने पर ही आतंकियों ने घरों में लोगों को घुसकर और ढूंढ ढूंढकर मौत के



घाट उतारा था। इजराइल की डिफेंस फोर्स का कहना है कि आईडीएफ ने जेयतुन, खान यूनिस और पश्चिम जाबलिया के पास स्थित हमास के सौ से अधिक ठिकानों पर हमले को अंजाम दिया है। इजराइल की फोर्स ने हमास के सभी ठिकानों पर हमला किया है जहां से आतंकी इजराइल के खिलाफ हमला करने की हिमाकत कर रहे थे।इजराइल फोर्स ने हमास के इस्लामिक जिहाद परिषद के मुख्यालय, कमांड सेंटर, सैन्य परिसर, दर्जनों लांचर पैड, एंटी–टैंक पोस्ट और वॉच टावर पर हमला किया है। इस हमले के बाद अब यहां सिर्फ मलबा शेष बचा है। इजराइल के हमले में हमास के सब स्थान ध्वस्त हो गए है। इस हमले में फिलिस्तीनी आतंकी संगठन का मुख्यालय भी नष्ट कर दिया गया है। अब हमास और फिलिस्तीन के पास कुछ शेष नहीं बचा है।

### पाकिस्तान खिलाड़ियों के सामने लगे जय श्री राम के नारे, भड़क गए उदयनिधि स्टालिन

भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार 14 अक्टूबर को खेले गए मुकाबले में कई बार जय श्री राम के नारे लगाए गए थे। पाकिस्तानी खिलाड़ियों के सामने भी जोर जोर से फैंस ने जय श्री राम बोला था। वही इस तरह जय श्री राम के नारे लगाए जाने पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और राज्य में खेल और युवा मामलों के मंत्री उदय निधि स्टालिन एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। उदयनिधि स्टालिन ने फैंस द्वारा जय श्री राम के नारे लगाए जाने की आलोचना करते हुए इसे अस्वीकार्य भी बताया है। डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन ने भारतीय क्रिकेट प्रेमियों द्वारा पाकिस्तानी खिलाड़ियों के आउट होने पर शोर मचाने और जय श्री राम के नारे लगाने का जिक्र किया है।

## यूपी में गैंगस्टर गोल्डी बराड़ ने दी कारोबारी को धमकी, कहा– तुझ पर हैं मेरी नजरें



कानपुर। बिश्नोई गैंग की उत्तर प्रदेश में भी एंट्री हो गई है। दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र जैसे कई राज्यों में धमकियां देने के बाद अब उत्तर प्रदेश के कारोबारियों पर भी बिश्नोई गैंग के गैंगस्टर गोल्डी बराड़ की नजरें है। हाल ही में एक बड़े कारोबारी को गोल्डी बराड़ ने धमकी दी है जो की मूल रूप से पश्चिमी यूपी में रामपुर से ताल्लुक रखता है।इसके साथ ही जानकारी के मुताबिक रामपुर के कारोबारी के पास एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से जबरन वसूली को लेकर वॉइस नोट आया था जिसके जरिए धमकी मिली है। जानकारी के मुताबिक इस मामले की शिकायत कारोबारी से मिलने के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस के मामले में एक केस दर्ज कर लिया है।उत्तर प्रदेश पुलिस ने फिर मिलता है कि शिकायतकर्ता को 10 सितंबर को शाम 6ः00 बजे व्हाट्सएप पर इंटरनेशनल नंबर से एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गुरु का सदस्य गोल्डी बराड़ बताया और कहा कि मेरी नजर तुझ पर है तू सावधान रहना। शुरुआत में शिकायत करता को लगा कि यह फर्जी कॉल है लेकिन 2 दिन के बाद इस नंबर पर एक बार फिर से कॉल आई जिसके बाद उसे धमकी भेजी गई।

बता दें कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने आईपीसी की धारा 504 और 507 के तहत मामला दर्ज किया है। बता दे की गोली बड़ो अमेरिका के कैलिफोर्निया में है। इंटरपोल ने इस वर्ष जुलाई में गोल्डी बर के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। बता दें कि गोल्डी बराड़ विदेश में रहता है। गोल्डी मूल रूप से पंजाब के मुक्तसर साहिब से ताल्लुक रखता है। वर्ष 2017 में गोल्डी कनाडा गया था। गोल्डी चर्चा में तब आया था जब फेमस गायक हनी सिंह ने गोल्डी बराड़ के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इस मामले में एफआईआर दर्ज की थी। बता दें कि गोल्डी बराड़ ही पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला मर्डर मामले का मास्टरमाइंड है।

हमास-फिलिस्तीन की जंग पर बोले आरआरएस प्रमुख मोहन भागवत

## कम नहीं हो रही दुनिया की तकलीफें

हमास और इजरायल के बीच जारी जंग का असर सिर्फ दोनों देशों पर ही नहीं है। दोनों देशों के अलावा दुनिया के कई देश इस जंग से प्रभावित हो रहे है। दुनिया के हर देश की नजर फिलिस्तीन और इजराइल के बीच जारी जंग पर टिकी हुई है।

इजराइल पर हमला किए जाने के बाद जारी युद्ध के बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और फलस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बात की है। अमेरिका ने 'यूएसएस ड्वाइट डी आइजनहोवर कैरियर स्ट्राइक ग्रुप' (सीएसजी) को पूर्वी भूमध्य सागर की ओर भेजना भी शुरू कर दिया है। इसी बीच भारत में भी लगातार इस युद्ध की चर्चा हो रही है। इसी कड़ी में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी इजराइल युद्ध का जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि इतनी सुविधाएं हैं लेकिन दुनिया की तकलीफें कम नहीं हो रही हैं। दुनिया में झगड़े खत्म होने की बजाय बढ़ गए हैं। पहले यूक्रेन विवाद शुरू हुआ और अब इजराइल–हमास संघर्ष शुरू हो गया है।









# मुंबई–नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे पर दो दुर्घटनाओं में 15 की मौत



मुंबई–नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे पर रविवार को तेज रफ्तार ट्रक, बस और एक निजी कार से हुई दो अलग–अलग दुर्घटनाओं में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, महाराष्ट्र के विपक्षी नेताओं और अन्य लोगों ने दुर्घटना में यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। पीएम मोदी ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये देने की घोषणा की, जबकि शिंदे ने इस त्रासदी में मारे गए लोगों के लिए 5 लाख रुपये मुआवजे और सभी घायलों के लिए पूर्ण मुफ्त इलाज की घोषणा की।एक अधिकारी ने बताया कि पहली दुर्घटना देर रात करीब 1.15 बजे हुई जब एक यात्री मिनी बस तीर्थयात्रा के बाद बुलढाणा से छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) होते हुए नासिक जा रही थी। अधिकारी ने कहा कि बस बुलढाणा से छत्रपति संभाजीनगर आ रही थी और राजमार्ग के किनारे कुछ देर के लिए रुकी थी, अचानक ट्रक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में कम से कम 12 यात्रियों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए।पीड़ित बुलढाणा में प्रसिद्ध सैलानी बाबा दरगाह पर तीर्थयात्रा करने के बाद नासिक के इंदिरानगर में अपने घरों की ओर जा रहे थे। अधिकारी ने बताया कि घायलों को छत्रपति संभाजीनगर के अस्पतालों में, कुछ को नासिक और कुछ गंभीर मामलों को पुणे के अस्पतालों में ले जाया गया है। मुंबई–नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे पर जामबरगांव टोल बूथ से थोड़ी दूर पर हुई दुर्घटना में मरने वालों में दो नाबालिग बच्चे हैं और घायलों में आठ महिलाएं हैं।दूसरी दुर्घटना में, ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) नेता के परिवार के सदस्यों को ले जा रही एक कार डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे उसमें सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। छत्रपति संभाजीनगर एआईएमआईएम सांसद सैयद इम्तियाज जलील ने कहा कि मृतक पार्टी के राज्य महासचिव सैयद मोइन के परिवार से थे।

रिपोर्टों के अनुसार, जब मिनी बस को दुर्घटना से पहले राजमार्ग गश्ती दल या स्थानीय आरटीओ द्वारा रोका गया था ।




## संपादकीय

### अक्षम्य लापरवाही

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने वीरवार को एनडीपीएस मामलों में पुलिसकर्मियों के गवाही न देने से क्षुब्ध होकर जो सख्त टिप्पणी की है, उसे पुलिस–तंत्र की आत्मा को झकझोरने वाला कहा जा सकता है। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि नशा आग की तरह फैल रहा है। इसे रोकने में पुलिस नाकाम रही है। यह देश से विश्वासघात जैसा है। इसके लिये पुलिस अधिकारियों को माफी मांगनी चाहिए। दरअसल, नशे के कारोबार से जुड़े अपराधियों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत दर्ज मामलों में पुलिसकर्मियों के गवाही न देने पर कोर्ट खासा क्षुब्ध था। जिसके चलते अदालत ने गृह सचिव, डीजीपी व एसएसपी को फटकार लगाई। निस्संदेह, आये दिन सीमा पार से तस्करी के जरिये भारी मात्रा में नशा लाया जा रहा है। जाहिर है, यह घातक नशे का कारोबार देश के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले असामाजिक तत्वों की साजिशों से ही हो रहा है। इसके बावजूद पुलिस अपने दायित्वों का निर्वहन न करे तो यह शर्मनाक ही कहा जायेगा। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि पुलिस नशे के तस्करों व माफियाओं के खिलाफ ईमानदारी से काम नहीं कर रही है। जिसके चलते जनता का पुलिस से भरोसा उठ रहा है। कोर्ट ने एनडीपीएस मामलों में पुलिसकर्मियों के गवाही न देने पर सख्त प्रतिक्रिया जाहिर की। इतना ही नहीं, कोर्ट ने पंजाब के गृह सचिव, डीजीपी व अन्य आला पुलिस अफसरों को फटकार लगाते हुए माफी मांगने को कहा। अदालत का कहना था कि यदि एनडीपीएस मामलों में पुलिस अधिकारी गवाही देने के लिये पेश नहीं हो रहे हैं तो इसका मतलब है कि हमारा तंत्र पूरी तरह विफल है। इसे कोर्ट ने पुलिस व सरकार की विफलता बताया। कोर्ट का मानना था कि ऐसे मामलों में गवाही न होने से निर्दोष लोगों को अधिक समय तक जेल में रहना पड़ता है। कोर्ट ने ड्रग माफिया की जमानत की जिम्मेदारी का भी प्रश्न उठाया ।दरअसल,कोर्ट इस बात से भी नाराज था कि हम दो साल से आदेश दे रहे हैं, लेकिन पालन नहीं हुआ। अदालत के अनुसार पुलिस की कारगुजारियों से उसकी जनता में छवि धूमिल हो रही है। जिसका यह अर्थ भी निकाला जा सकता है कि पुलिस का रवैया अपराधियों के प्रति उदार है। साथ ही यह कि सरकार को आश्वस्त करना चाहिए कि वह इस मामले में ठोस कार्रवाई करने जा रही है। वहीं कोर्ट में शीर्ष पुलिस अधिकारियों का तर्क था कि नशीली दवाओं और अन्य प्रकार के नशे के मामलों के चलते पुलिस पर काम का भारी दबाव है। साथ ही बताया कि हाल के दिनों में राज्य में भारी मात्रा में नशा सामग्री की बरामदगी हुई है। निस्संदेह, इस मामले में कोर्ट की चिंता से सहमत हुआ जा सकता है। पंजाब में नशे से उपजे संकट से जो हालात बन रहे हैं उसे समय रहते नहीं संभाला गया तो बहुत देर हो जाएगी। यही वजह है कि कोर्ट को कहना पड़ा कि हम पुलिस का मनोबल नहीं गिराना चाहते लेकिन हालात बहुत चिंताजनक होते जा रहे हैं। यही कारण है कि कोर्ट को सख्त लहजे में कहना पड़ा कि पिछले दो साल में एनडीपीएस के जिन मामलों में चार्जशीट दाखिल की गई है।

# जीवन लीलती शिक्षा को खारिज करने का वक्त

**वर्तमान व्यवस्था वह है, जिसे अर्थपूर्ण जीवन, प्रेम और सहयोग, नैतिकता, जीवनकाल के उतार-चढ़ावों का निश्चयपूर्ण सामना करने और शांत बने रहने की काबिलियत को सिखाने में जरा रुचि नहीं रखनी है। न ही ऐसी मानसिकता बनाने में, जो बच्चे को जीवन की सरलता में असली खजाना खोजने लायक बनाए, मसलन, नन्हे से पीले फूल पर अठखेलियां करती तितली के नज़ारे का आनन्द लेना, बुजुर्ग दादी मां के लिए चाय बनाना, खुशियों के पल उनसे साझा करना या फिर सर्दी की रात में रजाई में बैठकर कोई नॉवेल पढ़ना।**



इन दिनों मुझे अत्यंत व्याकुलता का सामना कर पड़ रहा है। क्या हम छात्रों द्वारा आत्महत्याएं को एक आम बात समझकर रफा–दफा कर रहे हैं या फिर यह मानने लगे कि शिक्षा प्राप्ति एवं इससे संलग्न सफलता की दौड़ में यह तो रहता हैङ्क कुछ कमजोर और भावनात्मक रूप से नाजुक युवा हताशा में अपनी जान दे देते हैं? विश्वास कीजिए, मैं अक्सर मध्य–वर्गीय अभिभावकों और यहां तक कि अध्यापकों से इस विषय में बात करने का प्रयास करता हूं कि इस किस्म की पढ़ाई, शिक्षा की असल आत्मा को मार रही है और इससे सामाजिक विक्षिप्तता का सामान्यीकरण हो रहा है। मैं उन्हें राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो के आंकड़ों के जरिये समझाने की कोशिश करता हूं कि वर्ष 2021 में 13089 छात्रों ने खुदकशी की (औसतन 35 से अधिक प्रतिदिन)। फिर भी वे मानने को राजी नहींङ्क यह रवैया वर्तमान में पर्यावरण पर बन आए संकट की अलफ सच्चाई से मुंह मोड़ने जैसा है।आईआईटी संस्थानों के दिए आकंड़े के मुताबिक 2018–23 के बीच 33 विद्यार्थियों ने आत्महत्या की है और एनआईटी और आईआईएम में यह गिनती 61 है। इतना होने पर भी हमने इस विषय पर चुप्पी साधने की ठान रखी है या इसको एक अन्य भ्रंश की तरह लेते हैं। माल बनाने वाली फैक्टरियों सरीखे कोचिंग केंद्रों के लिए कुख्यात राजस्थान का शहर, कोटा जहां 'सफलता का स्वप्न' बेचा जाता है, उससे हमारा नाता दिनों–दिन बढ़ रहा है, भले ही इस साल जनवरी से अगस्त माह के बीच भी, हर महीने खुदकुशी का औसत तीन रहा है।

बेशक, मुझे जीवन को नकारात्मक बनाने वाली इस अंधी दौड़ के पीछे ढांचागत और सामाजिक कारणों का बखूबी भान हैङ्क यानी, अत्यधिक जनसंख्या वाले मुल्क में नौकरियों की भारी कमी, नौकरी मिलने की संभावना में कला संकाय से हुई पढ़ाई को दोयम मानना और इसके नतीजे में इंजीनियरिंग, मेडिकल साइंस, बिजनेस मैनेजमेंट और अन्य तकनीकी कोर्सों के लिए बनी आसक्ति। संस्कृति और शिक्षा पर नव–उदारवाद की चोट से जीवन–आकांक्षा का बाजारीकरण और सबसे ऊपर, अत्यंत–प्रतिस्पर्धात्मकता या सामाजिक डार्विनवाद को स्वीकार्यता अर्था?त?् अन्यायी सामाजिक व्यवस्था में श्रेष्ठता या 'श्रेष्ठम ही जीने लायक' के सिद्धांत को मान्यता देकर जीवन का अंग बना डालना। इस पर चुप्पी साधकर हम व्यवस्था का ऐसा सामान्यीकरण होना गवारा नहीं कर सकते।

बतौर एक अध्यापक, मैं महसूस करता हूं कि हमें इस ढंग की शिक्षा व्यवस्था का आलोचक और नई संभावनाओं को तलाशने वाला बनना चाहिए। शिक्षा बचाओ आंदोलन किए बिना जड़ पकड़ चुकी व्यवस्था को बदला नहीं जा सकता। बेशक, हर छात्र आत्महत्या से नहीं मरा होगा, लेकिन फिर यह भी उतना ही सच है कि लगभग प्रत्येक युवा विद्यार्थी, जो इस शिक्षा प्रणाली का हिस्सा है, वह ऐसे माहौल में बड़ा हो रहा है जो मानसिक तनावों, अवसाद और विफलता के डर में बढ़ोतरी के लिए मुफीद है। वर्तमान व्यवस्था वह है, जिसे अर्थपूर्ण जीवन, प्रेम और सहयोग, नैतिकता, जीवनकाल के उतार–चढ़ावों का निश्चयपूर्ण सामना करने और शांत बने रहने की काबिलियत को सिखाने में जरा रुचि नहीं रखनी है। न ही ऐसी मानसिकता बनाने में, जो बच्चे को जीवन की सरलता में असली खजाना खोजने लायक बनाए, मसलन, नन्हे से पीले फूल पर अठखेलियां करती तितली के नज़ारे का आनन्द लेना, बुजुर्ग दादी मां के लिए चाय बनाना, खुशियों के पल उनसे साझा करना या फिर सर्दी की रात में रजाई में बैठकर कोई नॉवेल पढ़ना। इसके बरक्स मौजूदा शिक्षा प्रणाली तमाम पवित्र आकांक्षाओं और सपनों को मार रही है, यह युवा मानस को वह घोड़ा बना रही है, जो निरर्थक दौड़ में भागता रहे। स्कूल से लेकर उद्योग सरीखे बने कोचिंग केंद्रों तक, हमने अपनी शिक्षा का मतलब मानकीकृत परीक्षाओं में उत्तीर्ण करने वाली रणनीति बना दिया है। महान किताबें पढ़ने का आनंद, नूतन विचारों की खोज, विचार–विमर्श, विज्ञान–प्रयोगों से सीखना, साहित्य और कला आधारित पढ़ाई की जगह प्रवेश और मुख्य परीक्षाओं और इनकी तैयारी को अधिक महत्व देने से असली सिखलाई प्रभावित हुई है। आज अगर कुछ महत्वपूर्ण है तो दक्षता व सरपट गति, ताकि ओएमआर शीट पर सही उत्तर के खाने पर तेजी से निशान लगाने की काबिलियत बने ।कोई हैरानी नहीं कि एसीसीक्यू–केंद्रित परीक्षाएं उत्तीर्ण करना सिखाने वाली पुस्तकें युवा शिक्षार्थी की सोच में समाई हुई है। जी हां, ऐसा मानस सौंदर्य–बोध, सृजनशीलता और उत्कंठा से विहीन हो जाता है। जिस किस्म की बुद्धिमत्ता को भाव दिया जा रहा है, वह पूर्णतया मशीनी है, जिसमें कोई सृजनशील कल्पना या दर्शन के प्रति जिज्ञासा नहीं है। आप कोचिंग केंद्र के किसी रणनीतिकार से यह अपेक्षा नहीं कर सकते कि वह बच्चे को सूर्यास्त का नज़ारा, कविता पढ़ने का आनंद या प्रेरक फिल्म की सराहना करना सिखाएगा। वह प्रशिक्षक तो केवल आपके बच्चे को और तेज दौड़ना, दूसरों को पछाड़ना, भौतिकी या गणित को केवल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने का औजार बनाना, आईआईटी–जेईई और नीट जैसी परीक्षा में प्राप्त स्थान से अपनी काबिलियत आंकने वाली मानसिकता ही बना सकता है। इस किस्म की शिक्षा पद्धति शिक्षार्थी को केवल सांस्कृतिक, मनोवैज्ञानिक और आध्यात्मिक रूप से गरीब बनाती है। यह उसके चित्त को जीवन के उतार–चढ़ावों या अस्तित्व संबंधी गहरी खोज पर मनन के लिए तैयार नहीं करती ।इसी तरह की मशीनी शिक्षा कार्ल मार्क्स की उस परिभाषा को वैध बनाती है, जिसे वे 'वस्तु आसक्ति' कहा करते थे। जी हां, वह यह मानकर चलती है कि हमारे बच्चों को इस तरह तैयार किया जाए मानो वे कारखाने से निकली एक वस्तु या दाम की चिंदी लगी चीज़ हो। उच्च शिक्षा में सम्मान का सूचक बना दिए गए आईआईटी और आईआईएम संस्थानों में दाखिला पानाङ्क जो मध्यवर्गीय अभिभावकों के लिए अपने बच्चों के भविष्य का अंतिम मोक्ष–धाम है– इसने युवा मस्तिष्कों को बढ़िया नौकरी और मोटी पगार की मिथकों से सम्मोहित कर रखा है ।यदि हमारे बच्चे अपने आप में एक विलक्षण और आत्मनिर्भर व्यक्तित्व बनने की बजाय महज एक निवेश या बिकने की वस्तु बनकर रह जाएं, तो हम एक विक्षिप्त, व्याकुलता–ग्रसित और अत्यंत–तनावयुक्त पीढ़ी बनाने में लगे हैं। भले ही मौजूदा व्यवस्था से आगे चलकर 'प्रेरणादायक वक्ताओं' और 'स्व–सहायता' पुस्तकों का एक अन्य बाजार बन जाए, लेकिन इससे आत्महत्याओं की बढ़ती प्रवृति पर रोक लगाना असंभव है ।बतौर अध्यापक–शिक्षाविद–चिंतातुर नागरिक, हमें जागना होगा, आवाज़ उठानी होगी, जीवन–लील शिक्षा को खारिज करना होगा, नव–जागृति निर्माण और बच्चों को जीवन का अलग नज़रिया देना होगाङ्क जो जीवन को सुदृढ़ और सौहार्द से परिपूर्ण करे।

# जातिवादी राजनीति को दबाने का सही समय, आर्थिक आधार पर लागू हो पूर्ण आरक्षण ..!




**पंकज कुमार मिश्रा,**
**मिडिया विश्लेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी**

**अगर सरकार देश की हर जाति और हर युवा को विकास के लिए एक ही पैमाने में देखेगी तभी देश का वास्तविक विकास हो पाएगा और जातिवाद जैसी चीज़ों का खात्मा हो पाएगा। 1990 से ओबीसी को 27त्न आरक्षण मिलने लगा जो उस समय सही था और अब ओबीसी का बड़ा तबका गरीबी के दायरे से बाहर है**

सत्तर साल पहले देश में गरीबी कि हालत कुछ और थी और उस समय दलित बेहद गरीब हुआ करते थे जिस कारण उस वक्त जो नियम बनें, वे हालातों के हिसाब से सही थे मगर वक्त के हिसाब से हालात भी बदलते हैं। अब आरक्षण भी आर्थिक रूप से देने की ज़रूरत है, जातिगत रूप से नहीं तभी राहुल गाँधी, तेजश्वी यादव जैसो की गन्दी जातिवादी राजनीति पर लगाम लग पायेगा ।आरक्षण का नव मूल्यांकन करने से इस देश की हर जाति और हर युवा का विकास होगा। अगर सरकार देश की हर जाति और हर युवा को विकास के लिए एक ही पैमाने में देखेगी तभी देश का वास्तविक विकास हो पाएगा और जातिवाद जैसी चीज़ों का खात्मा हो पाएगा। 1990 से ओबीसी को 27त्न आरक्षण मिलने लगा जो उस समय सही था और अब ओबीसी का बड़ा तबका गरीबी के दायरे से बाहर है फिर इस व्यवस्था को क्यों रिव्यू नहीं किया जा सकता। हालांकि साल 1992 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ओबीसी को आरक्षण मिलता तो सही है लेकिन क्रीमी लेयर के साथ मिलना चाहिए, मतलब जो आर्थिक रूप से संपन्न हैं उनको आरक्षण न मिले, यह मुद्दा शायद बड़े लोगों के लिए महत्वपूर्ण नहीं है मगर यह दुनिया तो अमीरों से ज़्यादा गरीबों से भरी हुई है, इसलिए यह मुद्दा उठाना चाहिए। एक वक्त था जब हमारे देश में दलितों की हालत बहुत ही दयनीय होती थी। उन्हें हर मौलिक अधिकारों और सुविधाओं से वंचित रखा जाता था। उनका पूर्ण रूप से शोषण भी किया जाता था। वहीं, दूसरी ओर ऊंची जाति के लोगों का वर्चस्व काफी अधिक था। दलितों की यह स्थिति देख बाबा साहेब अंबेडकर ने उनके लिए आरक्षण का कानून बनाया जिससे उन्हें आर्थिक और सामाजिक विकास में मदद मिली। यह कानून उस वक्त उचित भी था मगर आज स्थिति कुछ और है। आज कोई भी जातिगत रूप से नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से गरीब और अमीर है ।साल 1993 में एक लाख से ऊपर सालाना आमदनी वाले क्रीमी लेयर में माने गए। अभी आठ लाख से ऊपर सालाना आमदनी वाले ओबीसी भी आरक्षण लें लेता है। आर्थिक रूप से कमजोर तबके या इकोनॉमिकली वीकर सेक्शन (ईडब्ल्यूएस) के तहत वे परिवार आते हैं, जिनकी कुल पारिवारिक आय एक साल में 8 लाख रुपये से कम हो। संसद के दोनों सदनों द्वारा इस 103वें संवैधानिक संशोधन को पास करने के बाद जनवरी 2019 में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इस पर मुहर लगाकर इसे कानून बना दिया। देश में अंग्रेजों के राज से ही आरक्षण व्यवस्था की शुरुआत हुई थी। साल 1950 में एससी के लिए 15त्न, एसटी के लिए 7.5त्न आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। पहले केंद्र सरकार ने शिक्षा, नौकरी में आरक्षण लागू किया था। केंद्र के बाद राज्यों में भी आरक्षण लागू कर दिया। राज्यों में जनसंख्या के हिसाब से एससी, एसटी को आरक्षण का लाभ है। आरक्षण लागू करते वक्त 10 साल में समीक्षा की बात कही गई थी. साल 1979 में मंडल आयोग का गठन किया गया। ये आयोग सामाजिक, शैक्षणिक रुप से पिछड़ों की पहचान के लिए बना था। साल 1980 में मंडल आयोग ने पिछड़ों को 27त्न आरक्षण की सिफारिश की। इसके बाद साल 1990 में वीपी सिंह ने मंडल आयोग की सिफारिश लागू कर दीसंविधान के अनुच्छेद 46 के मुताबिक, समाज में शैक्षणिक और आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों का ध्यान आया। खासकर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों को अन्याय और शोषण से बचाया जाए। अगर आर्थिक रूप से कमजोर दलितों सवर्णो और ओबीसी को समान आरक्षण मिलता तो देवरिया जिले के रुद्रपुर की घटना के सम्बंध में देवरिया तथा पूरे देश में जो भी जाना–सुना है, ऐसी उस वक्त जो नियम बनें, वे हालातों के हिसाब से सही थे मगर वक्त के हिसाब से हालात भी बदलते हैं। अब आरक्षण भी आर्थिक रूप से देने की ज़रूरत है, जातिगत रूप से नहीं। ऐसा करने से इस देश की हर जाति और हर युवा का विकास होगा ।अगर सरकार देश की हर जाति और हर युवा को विकास के लिए एक ही पैमाने में देखेगी तभी देश का वास्तविक विकास हो पाएगा और जातिवाद जैसी चीज़ों का खात्मा हो पाएगाघटनाये जातिगत रूप ना लेती। इससे मन बेहद ही मर्माहत हैं। यह मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है जो हालांकि भूमि विवाद को लेकर हुई। हम सभी की यह जिम्मेदारी है कि, इस घटना को जातीय रंग न दिया जाए और सरकार और कानून को अपना काम करने का मौका दिया जाए। सौहार्दपूर्ण माहौल तथा समाज में भाईचारा बना रहे इसको लेकर प्रयास हमें मिलकर करना है, ताकि समाजिक सहिष्णुता के लिए जाने जाना वाला अपना परिवेश विद्वेष का शिकार न हो तथा किसी भी प्रकार का आपसी वैमनस्य न प्रसारित हो। देवरिया में हुई एक व्यक्ति की हत्या और बदले में हुई दूसरे परिवार की सामूहिक हत्याएं हर नागरिक को परेशान कर के रख दिया है जमीन के एक टुकड़े ने दो परिवारों को खत्म कर दिया मृतकों में दोनों पक्ष के वे लोग है जो कंहीं से प्रोफेशनल अपराधी नहीं थे एक पक्ष का मृतक व्यक्ति लोकल स्तर का नेता तो दूसरे पक्ष के लोग गरीब और सीधे साधे थे इसलिए लोगों में आक्रोश ज्यादा है आक्रोशित लोगों में वे लोग भी है जो इस हत्याकांड से मर्माहत और व्यथित है पर वे भी हैं जो इस घटना को जातीय रूप देकर अपनी जाति का नेता बनना चाहते हैं ।अत: इस घटना को राजनीतिक रंग देना एक अत्यंत घिनौनी हरकत है नेता और तथाकथित उत्तेजना में बयान देने वाले लोग तो धीरे धीरे इस घटना को भूल जाएंगे और अपने अपने कामों में लग जाएंगे पर पीड़ित परिवारों को तो अपनी बाकी जिंदगी अपना बोझ खुद उठाना होगा अत: अच्छा होगा कि उत्तेजनात्मक बयान बन्द हों ।न्यायपालिका को अपना काम करने दे और समाज को नई व्यवस्था की तरफ जाने दें।

## चंदू चैंपियन' में कार्तिक आर्यन बिल्कुल नए अवतार में नज़र आएंगें



साजिद नाडियाडवाला और कबीर खान द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'चंदू चैंपियन' में बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन बिल्कुल नए अवतार में नज़र आएंगे। फिल्म के पोस्टर में कार्तिक आर्यन का इंटेंस लुक पहले ही लोगों को एक्साइट कर चुका है। अब फिल्म को लेकर एक ऐसी जानकारी सामने आई है जिसे सुनकर यकीनन सभी की धड़कने तेज हो जाएंगी। खबर है कि 'चंदू चैंपियन' के लिए एक 8 मिनट का सिंगल शॉट वॉर सीक्वेंस शूट किया गया है। इस सीक्वेंस की शूटिंग समुद्र तल से 9000 फीट की ऊंचाई पर हुई है और जो निश्चित रूप से एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव साबित होगा। यह फिल्म फिलहाल अपने दूसरे शेड्यूल में है और टीम के इस प्रयास का मुख्य आकर्षण 1965 की लड़ाई का इतने बड़े पैमाने पर फिल्मांकन था जो सिंगल शॉट एक्शन सीक्वेंस के लिए शानदार है। इस सीक्वेंस को जम्मू–कश्मीर की खूबसूरत अरु घाटी में शूट किया गया है जो समुद्र तल से 9000 फीट की ऊंचाई पर है, जहां टीम द्वारा एक बड़ा आर्मी कैंप बनाया गया था। कबीर खान द्वारा निर्देशित इस फिल्म की कहानी हार न मानने की असाधारण असल जिंदगी की कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ विजय राज और भुवन अरोड़ा भी अहम भूमिका में नज़र आएंगे। 'चंदू चैंपियन' 14 जून 2024 को रिलीज होगी।

**प्रस्तुति:काली दास पाण्डेय**

# फिलिस्तीन-इजरायल युद्ध नें भू-राजनीतिक अविश्वास को बढ़ाने के पंख लगा दिए



गोंदिया । वैश्य स्तरपर आज आए दिनों काफी तेजी से राजनीतिक उठा पठक, भू–राजनीतिक तनाव बढ़ते जा रहा है, जिसके दूरगामी दुष्परिणाम होने की संभावना बढ़ गई है। पहले से ही इस रूस–यूक्रेन युद्ध के चलते दुनिया तीन भागों, पक्ष विपक्ष और तटस्थ में बट गई है, जिसे तीसरे विश्व युद्ध की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता परंतु अब तो इस संभावना को पंख लगते हुए नजर आ रहे हैं, क्योंकि पूरे पश्चिमी देश इजराइल के समर्थन में आ गए हैं तो इधर ईरान पाकिस्तान लेबनान सहित कुछ देश फिलिस्तीन के समर्थन में उतर गए हैं, कुछ देशों द्वारा मानवीय अधिकार के उल्लंघन की बात उठाई गई हैहालांकि इस ओर यूएन ने भी इशारा कर दिया है। उधर अमेरिका का युद्ध पोत युद्ध के रक्षा सामानों का जखीरा बारूद सहित लेकर इसराइल पहुंच चुका है, जबकि दूसरा बेड़ा भेजने की तैयारी की जा रही है ऐसा अमेरिकन राष्ट्रपति ने मीडिया में कहा है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि युद्ध काफी लंबा खिंच सकता है, इसे देखते हुए भारत ने भी दिनांक 11 अक्टूबर 2023 को देर शाम ऑपरेशन अजय लॉन्च कर दिया है, जिससे अपने नागरिकों को वापस भारत लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। चूंकि यह युद्ध लंबा खिंचेगा इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, रूस–यूक्रेन युद्ध के बाद अब फिलिस्तीन इजरायल युद्ध से भू–राजनीतिक अविश्वास बढ़ाने को पंख लग गए हैं ।साथियों बात अगर हम ऑपरेशन अजय की करें तो विदेश मंत्री ने एक्स पर लिखा कि इजरायल से लौटने वाले हमारे नागरिकों की वापसी के लिए ऑपरेशन अजय लॉन्च किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए विशेष चार्टर उड़ानें और अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। विदेश में हमारे नागरिकों की सुरक्षा और भलाई के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं ।साथियों बात अगर हम इजरायल के समर्थन वाले देशों की करें तो, इजरायल और हमास मेंज्यादातर ताकतवर देश इजरायल के साथ हैं। अमेरिका ने तो खुलकर इजरायल का समर्थन किया है ।अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यहां तक कह दिया है कि अन्य देश इस संघर्ष से दूर रहे। ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक ने इस्राइल में जारी संघर्ष पर चर्चा के लिए अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और इटली के नेताओं से बात की है। सुनक ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ अपने संयुक्त बयान में इस्राइल के लिए दृढ़ता और एकजुटता के साथ समर्थन जाहिर किया। उन्होंने आतंकवादी हरकतों के लिए हमास की का कोई औचित्य नहीं है और इसकी हर तरह से निंदा की जानी चाहिए। बयान में कहा गया कि हमारे देश इस तरह के अत्याचारों के खिलाफ अपनी और अपने लोगों की रक्षा करने के प्रयासों में इस्राइल का समर्थन करेंगे। हम इस बात पर भी जोर देते हैं कि इस्राइल के प्रति शत्रुता का भाव रखने वाले किसी भी संगठन के लिए यह समय इन हमलों का लाभ उठाने का नहीं है। इन पांच नेताओं ने कहा कि वे फलस्तीनी लोगों की वैध आकांक्षाओं को मान्यता देते हैं। इस्राइल और फलस्तीनियों के लिए न्याय और स्वतंत्रता के समान उपायों का समर्थन करते हैं। लेकिन हमास फलस्तीनी लोगों की इन आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व नहीं करता है ।साथियों बात अगर हम फिलिस्तीन के समर्थन वाले देशों की करें तो, ईरान, कतर, कुवैत, लेबनान, यमन, इराक और सीरिया पूरी तरह से फिलिस्तीन के साथ हैं। पिछले दिनों इजरायल से संबंध सुधारने की दिशा में काम कर रहे सऊदी अरब ने भी इजरायल को चेतावनी दी है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने हमास के हमले को फिलिस्तीनियों का सेल्फ डिफेंस एक्ट बताया था। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था कि ये ऑपरेशन सत्ता हथियाने वाले शासन के चरमपंथियों के प्रति फिलिस्तीनियों की स्वाभाविक प्रतिक्रिया थी। उन्होंने बाकी मुस्लिम देशों से अल अक्सा मस्जिद और फिलिस्तीनियों के अधिकारों का समर्थन करने का आह्वान किया। इराक के पीएम ने एक बयान में कहा कि फिलिस्तीनी लोगों द्वारा किया गया ये ऑपरेशन कई सालों से व्यवस्थित उत्पीड़न का स्वाभाविक परिणाम है। कतर के विदेश मंत्रालय ने कहा कि फिलिस्तीनी लोगों के अधिकारों के उल्लंघन के चलते इस हमले के लिए जिम्मेदार है। सीरिया ने भी सरकारी समाचार मीडिया के माध्यम से हमास के इजरायल पर हमले के लिए समर्थन दिखाते हुए बयान जारी किए। सऊदी अरब ने इस हमले के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया। उकसावे और फिलिस्तिनयों को अधिकारों से वंचित रखने के चलते ये हमला हुआ।

साथियों बात अगर हम भारत के पक्ष की करें तो भारत के पीएम ने संकट की इस घड़ी में इजरायल के साथ खड़े होने की बात कही है। फिलिस्तीनी राजदूत ने कहा कि भारत अपने बढ़ते वैश्विक कद और पश्चिम एशिया के सभी प्रमुख पक्षों पर प्रभाव से इस्राइल–हमास संघर्ष से पैदा संकट को कम करने में अहम भूमिका निभाने के लिहाज से अच्छी स्थिति में है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि भारत इस्राइल और फलस्तीन दोनों का एक 'मित्र' है। वह तनाव कम करने की दिशा में काम करने और फलस्तीन मुद्दे के समाधान में योगदान देने में 'सक्षम' है। उन्होंने कहा कि भारत यूरोपीय देशों, अमेरिका, पश्चिम एशिया के देशों से संपर्क कर सकता है। शांति की दिशा में काम करने के लिए इस्राइल पर 'दबाव' बना सकता है, जिससे वह (इस्राइल) अब तक इनकार करता रहा है। उन्होंने कहा कि भारत शुरू से जानता है कि फलस्तीनी मुद्दा क्या है? महात्मा गांधी के समय से। इसलिए, वे उस भूमिका को निभाने के लिए योग्य हैं, खासकर क्योकि भारत दोनों का मित्र है।

साथियों बात अगर हम भू राजनीतिक अविश्वास को पंख लगने की करें तो, 2023 में भू–राजनीतिक तनाव क्या हैं?

**किशन सनमुख़दास भावनानी**


## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सज़्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नज़्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नज़्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

फोन नं.– 9335908846, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिज़्मेदार होंगे।**

**-सज़्पादक**

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ज़्लाक स्तर पर ज़्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**सज़्पर्क करें -:**

मो.: 8423454502, 9335908846

email:bps.knp786@gmail.com

## नारी सशक्तिकरण अभियान एवं शक्ति दीदी प्रोजेक्ट के तहत

# मछरिया जामा मस्जिद के पास चलाया जागरूकता अभियान





**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। थाना नौबस्ता के अंर्तगत मोदी –योगी द्वारा चलाए जा रहे महिला सशक्तिकरण अभियान एवं शक्ति दीदी प्रोजेक्ट के तहत आज जामा मस्जिद मछरिया बाजार में मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान के तहत वार्ड 63 एवं वार्ड 95 की महिलाओं को एकजुट कर चौपाल लगाई गई।

जिसमें क्षेत्रीय महिलाओं को इस मिशन के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें मुस्लिम महिलाओं को न मिलने वाली योजनाओं के फायदे व नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। बताते चलें कि मुस्लिम महिलाओं को अधिकतर योजनाओं के बारे में सही जानकारी न होने के कारण इस योजना का लाभ नहीं मिल पाता है। जैसे कि ग्रामीण क्षेत्रों में आशा बहुएं घर- घर जाकर लोगों को जानकारी देती हैं। इस विषय में मछरिया के मोहल्लों में कोई भी इस तरह की बहुओं की नियुक्ति न होने के कारण इन महिलाओं को इन योजनाओं से वंचित रहना पड़ता है और योजनाओं का सही तरीके से लाभ नहीं मिल पाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नौबस्ता थाने के सहायक पुलिस उपायुक्त अभिषेक कुमार पांडेय, नौबस्ता प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद पांडेय, थाने की महिला एसआई प्रियंका चतुर्वेदी व एसआई धीरज कुमार आदि रहे। क्षेत्रीय सहयोगी महिलाओं में आमना बेगम (बेला), फरीदा खातून, गुड़िया अंसारी, शबनम, शकीला बानो, जूमा, अफसाना बेगम साथ ही अनीस, काजू वकील, इमरान सिद्दीकी, अफसार, पप्पू भाई, गोलू आदि मौजूद रहे।

# बाल लीलाओं से शुरू हुआ भगवान की कथा का प्रारंभ

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। मालवीय पार्क हरबंस मोहाल में श्री राम सेवा समिति एवं कानपुर प्रेस क्लब के तत्वाधान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस में कथा व्यास पंडित दीपक कृष्ण महाराज ने भगवान की कथा का प्रारंभ बाल लीलाओं से किया भगवान का अवतार इस धारा धाम पर अधर्म के विनाश और धर्म की स्थापना के लिए होता है भगवान सर्वप्रथम मथुरा में देवकी और वासुदेव पर कृपा करके कंस की कारागार में पधारे भगवान की प्रेरणा से वासुदेव जी भगवान कृष्ण को लेकर गोकुल आए और नंद बाबा के यहां छोड़कर जहां धूमधाम से बाबा नंद ने लाल के जन्म का उत्सव मनाया। भगवान ने जन्म के 6 दिन के अंदर ही कंस द्वारा भेजी राक्षसी पूतना का वध कर दिया और उसे अपने श्री चरणों में स्थान दिया यह भगवान की दयालुता का प्रतीक है। वासुदेव जी की प्रेरणा से गर्गाचार्य जी ने आकर भगवान का नामकरण संस्कार किया रोहिणी के पुत्र का नाम बलराम और यशोदा के पुत्र का नाम कृष्णा रखा कृष्ण का अर्थ होता है जो जीव के चित्त को अपनी ओर आकर्षित करें वही कृष्ण है भगवान ने तृणावर्त को मार कर वायु तत्व को शुद्ध किया भगवान बाल लीला करते हुए कभी मैया से चंद्रमा मांगने लगते हैं और मैया के न देने पर भूमि में लोट जाने की धमकी देते हैं।गोपिकाओं के निवेदन पर भगवान उनके घर जाकर माखन खाते हैं माखन चोरी लीला के अंतर्गत भगवान ने अपनी गोपिकाओं का मन ही अपनी ओर आकर्षित किया है काली नाग के प्रभाव से जब यमुना का



जल दूषित हो गया तब भगवान ने काली नागको नाथ कर यमुना के जल को शुद्ध किया भगवान की यह लीला हमें जल तत्व की महिमा को समझता है आज समाज में हमें जल संरक्षण की आवश्यकता पड़ रही है जबकि विचार किया जाए तो हमारे पास अगाध जल का सागर समुद्र है, परन्तु फिर भी आज हमारे आसपास का जल दूषित होता जा रहा है बिना जल के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है भगवान ने गोचारण किया और गोपाल कहलाए गाय के शरीर में 33 कोटी देवी देवताओं का वास होता है गाय जहां रहती है वहां का सारा वास्तु दोष समाप्त हो जाता हैभगवान ने इंद्र की पूजा बंद करा कर गिरिराज गोवर्धन की पूजा प्रारंभ कराई सभी ग्वाल बालों ने मिलकर गिरिराज जी का पूजन किया जब इन्द्र को यह समाचार मिला तो इन्द्र ने ब्रज में वर्षा करवायी तो भगवान ने गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठिका उंगली पर धारण किया और भगवान गिरधारी कहलाए इस अवसर पर श्री राम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनोज बाजपेई द्वारा भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए गए। तथा जुगुल किशोर बाजपेई, और श्री मती मीरा बाजपेई द्वारा गिर्राज भगवान का पूजन किया गया इस अवसर पर रजत बाजपेई (पार्षद) अभय पाठक , उज्जवल गुप्ता , दिनेश तिवारी, विपिन दीक्षित, अंशु वर्मा,रोहित पांडे, आदि हजारों भक्त उपस्थित रहे ।

# एलौपैथी से आयुर्वेद की तरफ बढ़े कदम, एलर्जी का मिला सफल इलाज

- 250 मरीजो में 223 मरीजो पर किया गया परिक्षण, 113 का परिणाम गया बेह्तर
- इंटरनेशन स्तर पर भी इस शोध का हो चुका है प्रकाश- प्राचार्य



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। एलोपैथिक ने आयुर्वेद पद्धति की तरफ एक बार फिर से रूख किया है। जीएसवीएम मेडिकल कालेज के बाल रोग विभागध्यक्ष डा0 यशवंत राव द्वारा शुरू की गई क्रोनिक एलर्जी राइटेनिक्स पर प्रयोग अब तक सफल रहा है। इस शोध को पूरी तरह वैज्ञानिक प्रमाणता के लिए अभी और समय लग सकता है,लेकिन अगर सब ठीक रहा तो एलर्जी को जड से खत्म करने में आयुर्वेद बहुत सहायक सि; हो सकता है।इस महत्वपूर्ण विषय को लेकर कालेज प्राचार्य डा0 संजय काला ने एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया और किए जा रहे शोध और उसके परिणाम के बारे में गहनता से जानकारी दी।

प्राचार्य कार्यालय के सभागार में आयोजित एक प्रेसवार्ता का आयोजन कर प्राचार्य डा0 संजय काला ने बताया कि बच्चो से लेकर बडो तक सबसे एलर्जी जरूर पायी जाती है।इसी एलर्जी को जड से खत्म करने के लिए पीड्रियाट्रिक विभागध्यक्ष डा0 यशवंत राव के पास रूद्रपुर से वैद्य डा0 बी प्रकाश का फोन आया और उन्होंने एलर्जी को लेकर चर्चा की और उन्हें इस शोध के बारे में अवगत कराया। जिस पर डा0 यशवंत राव ने प्राचार्य की सहमति से क्लिनिकल ट्रायल रजिस्ट्री ऑफ इंडिया से पंजीकृत करा अनुमति ली और 22 जुलाई 2023 से दिसम्बर 2023 तक मरीजो पर शोध कर इसका परिणाम परखा गया। इसके लिए 250 मरीजो को चुना गया। इन मरीजो को दो भागो में रखा गया जिसमें 110 मरीज एलोपैथिक पद्धति प्रणाली के लिए और 113 मरीज आयुर्वेद पद्धति प्रणाली के लिए उन पर परीक्षण किया। प्राचार्य डा0 संजय काला ने बताया कि 110 मरीजो को एलोपैथी दवा लिवोसिट्रीजन 2.5 मिलीग्राम और मोंटील्यूकास्ट 4 मिलीग्राम दी गई तो वही 113 मरीजो को आयुर्वेद से बनी दवा दी गई जिसमें 20 जडी बूटी और बहुत कम मात्रा में आयरन भस्म युक्त इम्बो नाम की दवा की 60 ग्राम डोज दी गई जिसको 28 दिनो तक देकर देखा गया और उसका परिणाम एलोपैथी के मुकाबले आयुर्वेद में काफी अच्छा देखने को मिला।एक्यूट एलर्जी में तो एलोपैथी दवा देकर उसे रोका जा सकता है ,लेकिन आयुर्वेद पद्धति सीधे मर्ज की जडो पर असर कर रही है जिससे मरीज को काफी फायदा मिला। उन्होंने बताया कि एलर्जी में मरीज के खून में आईजीई का लेबल बढ़ जाता है जिससे उसको हमेशा कुछ न कुछ लगा ही रहता है। अगर समय रहते इस पर काबू न किया जाए तो आगे चल कर यही सीओपीडी को बढ़ा देता है जिससे लग्स और अस्थमा जैसी बीमारियों का रूप ले लेता है। प्राचार्य डा0 संजय काला ने बताया कि अभी शोध का कार्य चल रहा है जिसमें समय लगेगा,लेकिन अगर सब कुछ ठीक रहा तो इस पद्धति से क्रोनिक एलर्जी राइटेनिक्स को जड से समाप्त किया जा सकता है। इस मौके पर मुख्य रूप से कालेज मीडिया प्रभारी डा0 सीमा द्विवेदी, मानसिक रोग विभागध्यक्ष डा0 धनंनजय चौधरी, माइक्रोबायोलॉजी विभाग के डा0 विकास कुमार व सभी संकाय के मीडिया प्रभारी मौजूद रहे।

# दो दिवसीय नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिवर पर 200 से अधिक छात्र छात्राओं की गई जांच



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । सीएसए एवं एएसजीआई हॉस्पिटल के सौजन्य से विश्वविद्यालय स्थित मानव चिकित्सालय में दो दिवसीय ( 11 से 12 अक्टूबर ) निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर सम्पन्न हुआ। विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एस के सिंह ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए आंखों की देखभाल बहुत जरूरी है आंखों की बीमारी से बचने के लिए विटामिन ए व सी से भरपूर भोजन लेना चाहिए। ताजा व हरी सब्जियां आंखों को ऊर्जा प्रदान करती हैं। कंप्यूटर पर काम करने के दौरान निरंतरता से बचें।आंखों में कुछ पड़ जाने पर रगड़े नहीं बल्कि पानी से धोएं। धूप में निकले तो चश्मा अवश्य लगाएं।इस अवसर पर चिकित्सकों की टीम ने परीक्षण कर जरूरी सलाह दी।डॉक्टर सिंह ने बताया कि छात्र छात्राएं एवं संकाय सदस्यों सहित आज 200 से अधिक नेत्र परीक्षण किए गए। इस अवसर पर एएसजी हॉस्पिटल के राजेश, आशुतोष, मयंक सिंह, गोविंद झा एवं अभिषेक चौरसिया ने सभी मरीजों के नेत्र परीक्षण किया।

# दो दिवसीय मध्यावधि समीक्षा कार्यशाला का शुभारंभ

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। भाकृअनुप–अटारी, जोन–3 कानपुर, उत्तर प्रदेश के पूर्वी मैदानी कृषि जलवायु क्षेत्र के 17 कृषि विज्ञान केन्द्रों की दो दिवसीय मध्यावधि समीक्षा कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। भाकृअनुप–अटारी कानपुर के निदेशक डा. शान्तनु कुमार दुबे ने बताया कि इस कार्यशाला का आयोजन उ.प्र. के कृषि विज्ञान केन्द्रों की वर्ष 2024 की कार्ययोजना की समीक्षा करने हेतु किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में निदेशक अटारी डा. शान्तनु कुमार दुबे ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया एवं साथ ही इस कार्यशाला का क्या उद्देश्य है, यह भी संक्षेप में बताया जिसमें कार्य योजना (एक्शन प्लान) प्रमुख फोकस है तथा इस समय तक कृषि विज्ञान केन्द्रों के द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा भी की जा रही है। निदेशक अटारी कानपुर ने बताया की सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों कृषि के समस्त क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं परंतु किये गये कार्य का उनके द्वारा उचित डाक्यूमेंटेशन होना चाहिए जोकि पालिसी बनने एवं विश्वविद्यालयों द्वारा अनुसंधान के लिये अति–आवश्यक है।प्रत्येक केवीके चयनित गाँवों में समस्या का आधार में रखते हुए तकनीक का चयन एवं प्रदर्शन करें।डा. एस.के. सिंह, प्रधान वैज्ञानिक, भाकृअनुप–अटारी, कानपुर ने इस अवसर पर बताया कि प्रत्येक केवीके पर विभिन्न विषयों के विषयवस्तु विशेक्षज्ञों (एसएमएस) का दायित्व है कि कृषि विज्ञान केन्द्र के कार्यक्षेत्र में किसानों को जो भी समस्यायें आती हैं उनका निराकरण करके किसानों के साथ कार्य करें। डा. आर.आर. सिंह, निदेशक प्रसार ने आचार्य नरेन्द्र देव कृ.एवं.प्रौ. विश्वविद्यालय, अयोध्या के कृषि विज्ञान केन्द्रों के 'विज़न' की गहन जानकारी दी।उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि जो भी तकनीकी किसानों के खेत तक जाये उसमें आने वाली समस्या का निरीक्षण एवं अध्ययन करें जैसे खरपतवार प्रबंधन एवं फर्टीलाइजर प्रबंधन, कीड़ों की समस्या आदि। डा. एस.एस. सिंह, निदेशक प्रसार, रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्याल, झांसी ने कृषि विज्ञान केन्द्रों पर परिचयात्मक टिप्पणी दी। साथ ही उन्होंने सभी केवीके से अनुरोध किया कि धान एवं गेहूँ में जो भी किस्में लगायी जा रही हैं प्रत्येक किस्मों का कितना प्रतिशत है आदि जानकारी का उचित डाक्यूमेंटेशन आवश्यक है। केवीके अगर एफपीओ के साथ मिलकर तकनीकी हस्तांतरण पर कार्य करेंगे तो शत–प्रतिशत सफलता मिलेगी। डा. ओ.पी. सिंह, पूर्व निदेशक प्रसार, सरदार वल्लभभाई पटेल कृ.एवं.प्रौ. विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा भी इस अवसर पर उद्बोधन दिया गया।साथ ही उन्होंने उपस्थित समस्त वैज्ञानिकों को वैज्ञानिकों की तरह सोचने हेतु प्रेरित किया। उद्घाटन सत्र के बाद तकनीकी सत्र प्रारम्भ हुआ जिसमें उत्तर प्रदेश के पूर्वी मैदानी कृषि जलावायु क्षेत्र के कृषि विज्ञान केन्द्रों बलिया, मऊ, वाराणसी, अयोध्या, आजमगढ़ द्वितीय, बाराबंकी, चन्दौली, जौनपुर प्रथम आदि ने कार्ययोजना 2024 का प्रस्तुतिकरण दिया जिसकी विशेषज्ञों ने समीक्षा कर अपनी टिप्पणी एवं सुझाव दिये।कार्यशाला का संचालन प्रधान वैज्ञानिक डा. राघवेन्द्र सिंह द्वारा किया गया।



# गंगा टास्क फोर्स ने मनाया मेरी माटी मेरा देश जन जागरूकता अभियान

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। भारतीय सेना की 137 सी ई टी एफ टी ए बटालियन 39 गोरखा राइफल गंगा टास्क फोर्स ने मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत ब्लॉक सरसौल, कानपुर नगर में जागरूकता अभियान चलाया। मेरी माटी मेरा देशमिट्टी को नमन वीरों का वंदन इस अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया।इस कार्यक्रम में 62 ग्राम पंचायत से कलश में मिट्टी एकत्रित की गई। यह कलश प्रदेश की राजधानी लखनऊ से होते हुए देश की राजधानी दिल्ली में पहुंचाई जाएगी।इन कलश में आने वाली मिट्टी और पौधों को मिलाकर राष्टीय युद्ध स्मारक के पास अमृत वाटिका बनाई जाएगी यह अमृत वाटिका एक भारत श्रेष्ठ भारत का भ्व्य प्रतीक बनेगी।इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री विनय मिश्रा, रानू शुक्ला जिला उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, डॉ विजय रतन सिंह तोमर ब्लॉक प्रमुख सरसौल, रमाशंकर तिवारी नेहरू युवा केंद्र उपस्थित रहे।गंगा टास्क फोर्स से सूबेदार समरजीत सिंह एवं अन्य जवान, सीमा सुरक्षा बल के जवान तथा ब्लॉक सरसौल के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत के लोग शामिल रहे और साथ ही लोगों को पौधे वितरण भी किया गया।

# मोहम्मद अली पार्क लाइब्रेरी गेट चमनगंज में फैला कूड़ा

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । मोहम्मद अली पार्क लाइब्रेरी गेट चमनगंज में सप्ताह में एक बार झाड़ू लगाकर कूड़ा उठवाया जाता है सफाई नायक सचिन का कहना है कि एक दिन शुक्रवार की नमाज को देखते ही यहां सफाई कराई जाती है जबकि पार्क में सुबह–शाम टहलने वाले ?लोगो को भीषण गंदगी फैली होने के कारण असुविधा का सामना करना पड़ रहा है इस सम्बन्ध में आप और हम राष्टीय भषटाचार अ्पराध मुक्त संगठन उत्तर प्रदेश के सचिव रमेश सिंहवानी ने एक पत्र कानपुर नगर के जिलाधिकारी को देकर मोहम्मद अली पार्क लाइब्रेरी गेट चमनगंज की सफाई व्यवस्था ठीक कराने की मांग की। जोनल स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि सफाई कर्मचारी कम होने के कारण पार्क में सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है प्रयास है कि पार्क में हर दिन सफाई कर्मचारी से झाड़ू लगवाकर कूड़ा उठावाया जाए।



प्रतिनिधि मंडल में शामिल लोगों में अनवार अहमद, फिरोज, रज्जाक,मुबीन अतीक हबीबुर्रहमान रिजवान अहमद फ़ैज़ मोहम्मद आदि थे।

# फाइलेरिया नेटवर्क सदस्यों के सहयोग से फाइलेरिया रुग्णता प्रबंधन का कराया अभ्यास



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को और धार देने के उद्देश्य से जनपद के सभी ब्लॉकों के स्वास्थ्य उपकेंद्रों में तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसी क्रम में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अंतर्गत आने वाले सभी सीएचओ को ब्लॉक सभागार में दी गई। बुधवार और गुरुवार को यह सत्र अलग-अलग ब्लॉक सीएचसी पर पूर्ण करवाया गया। प्रशिक्षकों के साथ-साथ फाइलेरिया नेटवर्क सदस्यों के सहयोग से फाइलेरिया रुग्णता प्रबंधन का अभ्यास कराया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक रंजन ने बताया कि जनपद में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को और ग्राउंड लेवल तक ले जाने को लेकर सीएचओ को प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि कहीं भी अगर फाइलेरिया ग्रसित मरीज मिलता है तो उसका सही तरीके से प्रबंधन किया जा सके और लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक किया जा सके। जिला मलेरिया अधिकारी एके सिंह ने बताया कि सभी सीएचसी में मलेरिया निरीक्षक व ब्लॉक सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधकों सहित पाथ संस्था के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. अनिकेत कुमार और सीफार संस्था के फाइलेरिया जिला समन्वयक प्रसून द्विवेदी ने सीएचओ को फाइलेरिया (हाथीपाँव और अंडकोषों में सूजन) के कारण, लक्षण, पहचान, जांच, उपचार व बचाव आदि के बारे में विस्तार से बताया।इसके साथ ही फाइलेरिया नेटवर्क सदस्यों ने प्रशिक्षण में पूरा सहयोग किया। प्रशिक्षण में नाइट ब्लड सर्वे (एनबीएस) और एमएमडीपी किट के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। एमएमडीपी किट का प्रयोग कर फाइलेरिया मरीज अपने दैनिक जीवन को सरल बना सकते हैं। सीएचओ से कहा गया कि वह एकीकृत निक्षय दिवस पर ओपीडी के दौरान आने वाले फाइलेरिया और कालाजार रोगियों की ई–कवच पोर्टल पर फीडिंग अनिवार्य रूप से करें।

## फाइलेरिया नेटवर्क सदस्यों ने प्रशिक्षण में किया सहयोग

ब्लॉक कल्याणपुर में फाइलेरिया नेटवर्क सदस्य राम सनेही और ब्लॉक सरसौल में फाइलेरिया नेटवर्क सदस्य उमा देवी शुक्ला ने बताया की फाइलेरिया ग्रसित मरीजों द्वारा नियमित रूप से सेल्फ केयर करने पर फाइलेरिया को नियंत्रित रखा जा सकता है जिससे मरीजों को एक्यूट अटैक होने की संभावना नहीं रहती। साथ ही घर में फाइलेरिया ग्रसित अंगों के एक्सरसाइज करने का भी प्रशिक्षण दिया । प्रशिक्षण से मिली महत्वपूर्ण जानकारी सरसौल ब्लॉक के तिलसहरी बुजुर्ग गाँव में तैनात सीएचओ आशीष शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण से उन्हें फाइलेरिया रोगी की पहचान और उसके प्रबंधन के साथ-साथ इस रोग की कितनी स्टेज होती हैं और कैसे मरीज का प्रबंधन करना है, इसके बारे में सीखने को मिला। मरीजों का सर्वे करने और साल में कम से कम एक बार निक्षय दिवस में फाइलेरिया ग्रसित मरीज को बुलाकर उनकी काउंसिलिंग करने के बारे में बताया गया। फाइलेरिया ग्रसित मरीज संकोच की वजह से बीमारी के बारे में चर्चा नहीं करते। जिसकी वजह से वह स्वस्थ लोगों के लिए कैरियर (वाहक) का काम करते हैं।

# यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के दिए निर्देश



कानपुर । पुलिस आयुक्त डा.आर.के.स्वर्णकार द्वारा जनपद के सभी अधिकारियो के साथ वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से आगामी त्यौहारो के मद्देनजर सुरक्षा–व्यवस्था की समीक्षा की तथा शक्ति दीदी, एन्टीरोमियों स्क्वॉड व शहर की कानून व यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए के

# विशेष सचिव स्वास्थ ने किया कांशी राम अस्पताल का निरीक्षण, मिली अव्यवस्थाएं

## सीएमएस को दिया मीडिया के मध्यम से जागरूक करने का निर्देश



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।उत्तर प्रदेश सरकार के विशेष संचारी रोग अभियान के अंतर्गत विशेष सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डा. शिव सहाय अवस्थी, अपर निदेशक स्वास्थ्य अंजू दूबे ने मुख्य चिकित्साधिकारी डा.आलोक रंजन के साथ कांशीराम ट्रामा सेंटर एवं संयुक्त चिकित्सालय में डेंगू से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि डेंगू से संबंधित व्यवस्थाओं में जो कमी दिखी है उसे चिन्हित कर सम्बन्धित अधिकारियों को कमी दूर करने के आवश्यक निर्देश दिए हैं। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर विशेष तौर से बुखार से पीड़ित मरीजों की भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त काउंटर बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आलोक रंजन से डेंगू के अब तक चिन्हित हुए कुल केस व अस्पताल में भर्ती हुए मरीजों की जानकारी ली। उन्होंने कांशीराम ट्रामा सेंटर के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. स्वदेश गुप्ता को मीडिया के माध्यम से आम जन को जागरूक करने संबंधी कारगर नीति बनाने हेतु निर्देश भी दिए। संसाधनों की कमी व मरीजों को अन्य अस्पताल रेफर किए जाने के बाबत पूछे गए सवाल पर उन्होंने जवाब दिया कि पैरामेडिकल स्टाफ की एनएच एम व अन्य माध्यम से भर्ती की जा रही है।चिकित्सकों की कमी को पूरा करने के लिए उनकी सेवानिर्वित आयु 62 हर्ष से बढ़ा कर 65 वर्ष कर दी गई है। स्पेशियलिटी चिकित्सकों के लिए सरकार द्वारा 5 लाख मासिक वेतन के द्वारा उनकी नियुक्ति की जा रही है।

### विशेष सचिव के आगमन पर अव्यवस्थाओं का रहा बोल बाला

एक और जहां चिकित्सक विशेष सचिव के आगमन की तैयारियों में व्यस्त रहे,वहीं मरीज पर्चा बनवाने के बाद डाक़्टर के चेंबर में न उपस्थित होने के कारण उन्हें ढूड़ते रहे। इमरजेंसी में चिकित्सक के उपस्थित न होने के कारण गम्भीर रूप से आग से जला मरीज़ फर्श पर लेटा तड़प रहा था। उसके तीमारदार बाहर मेडिकल स्टोर से दवाएं खरीद कर स्वयं उसका उपचार कर रहे थे। किदवई नगर निवासी मरीज जो वाकर के सहारे चल रहा था उसने विशेष सचिव से शिकायत करते हुए कहा कि चिकित्सक के चौंबर में उपस्थित न होने के कारण वे उन्हें दिखा नही सके। वार्ड ब्वाय मुंह में पान मसाला चबाते हुए अस्पताल परिसर में बाइक में बैठ कर जाता दिखा तो उसे रोक कर अस्पताल परिसर में मसाला खाने का कारण पूछा तो उसने उज़्र दिया कि उसे गाड़ी चलाते समय नींद आ जाती है इस लिए मसाला खाना उसकी मजबूरी है। फार्मा कंपनी के एजेंटों की अस्पताल में पाबंदी के बावजूद अस्पताल परिसर में फार्मा कंपनी के रिप्रजेंटेटिव बेधड़क चहल कदमी करते दिखे। जाजमऊ निवासी एक गर्भवती महिला मरीज़ चिकित्सक को दिखाने के लिए लाइन में लगी थी की अचानक चक्कर आने के कारण वो बेहोश हो गई लेकिन अन्दर चौंबर में बैठी चिकित्सक को उसके बेहोश होने की जानकारी नहीं थी। वहीं अस्पताल परिसर में नकली आशा कार्यकर्ता भी घूमती दिखी।उनसे पूछने पर उन्होंने बताया कि वे अस्पताल के पास ही रहती हैं वे मरीजों की सेवा के लिए अस्पताल आती हैं। बड़ा सवाल ये है कि जब वे अस्पताल की कर्मचारी नहीं हैं तो फिर किसके निर्देश से वे अस्पताल आती हैं।

## बुजुर्ग दंपती की बेबसी ! छोटा बेटा और बहू करना चाहते हैं बेघर

कानपुर । चकेरी पटेल नगर निवासी बुजुर्ग दंपति को अपने ही घर से बहू-बेटे बेघर कर दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर करना चाहते हैं।सेना से नायब के पद से रिटायर बुजुर्ग को अपने ही घर में एक कमरा नसीब नहीं है।वह घर पर बनीं दुकान पर रहकर गुजारा कर रहे हैं, जिसमें उन्हें शौचालय भी नसीब नहीं।जानकारी के अनुसार अमर बहादुर सिंह के दो बेटे हैं जिसमें बड़ा बेटा कोमल सिंह सेना में ही जम्मू में तैनात है और परिवार के साथ वहीं रहता है।वहीं, छोटा बेटा निर्मल सिंह पत्नी प्रियंका के साथ पटेल नगर स्थित घर में रहता है।

## कानपुर में भारतीय डाक विभाग द्वारा मनाया गया राष्ट्रीय डाक सप्ताह

**कार्यालय संवाददाता**

कानपुर। भारतीय डाक विभाग द्वारा कानपुर में राष्ट्रीय डाक सप्ताह का आयोजन 9-10-2023 से 13-10-2023 तक किया गया।जिसके अंतर्गत डाक कर्मचारियों के द्वारा कार्यालय की साफ-सफाई एवं घर-घर जाकर डाक विभाग की योजनाओं के बारे में उपभोक्ताओं को अवगत कराया गया।विशेष रूप से सुकन्या खाता तथा महिला बचत सम्मान पत्र कानपुर नगर के सभी डाकघर में विशेष अभियान के तहत खाता खोले गए।कानपुर के स्कूली बच्चों के बीच फिलेटली क्विज प्रतियोगिता संपन्न कराई गई।100त्न डाक वितरण PMA के माध्यम से सुनिश्चित करना एवं पार्सल व्यवसाय डाक राजस्व आदि लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा। आधार कैंप जन जागरूकता हेतु कैंप मेला सेमिनार एवं जन सामान्य को प्रत्यक्ष हस्तांतरण लाभ (डी.बी.टी), सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन सुरक्षा योजना (PMJJY, PMSBY, APY), सुकन्या समृद्धि खाता, ए.ई.पी.एस. और अन्य भारतीय डाक विभाग के उत्पाद एवं डिजिटल भुगतान से संबंधित कार्यक्रम एवं जन जागरूकता अभियान चलाया गया।राष्ट्रीय डाक सप्ताह दिवस के दौरान सेठ मोतीलाल खेड़िया सनातन धर्म इंटर कॉलेज विष्णुपुरी नवाबगंज एवं विद्या निकेतन इंटर कॉलेज हरजिंदर नगर मे 9-10-2023 से 13-10-2023 तक आधार कैंप का आयोजन किया गया।

वहीं राष्ट्रीय डाक सप्ताह के अंतर्गत बड़ा चौराहा स्थित पोस्ट मास्टर जनरल के कार्यालय में डाक उपभोक्ता संगोष्ठी हुई। संगोष्ठी में प्रवर अधीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बदलते परिवेश में डाक सेवाओं के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि डाक विभाग लगातार बेहतर करने का प्रयास कर रहा है। उनके द्वारा डाक विभाग की सेवाओं व हर तरह की योजनाओं के बारे में उपभोक्ताओं को जानकारी दी गई। इस संगोष्ठी में चीफ पोस्ट मास्टर राम बहादुर, रवि कुमार, ज्योति, पंकज मिश्रा, मनजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## वीरों को वंदन के चलते निकाली अमृत कलश यात्रा

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।सीएसए में अमृत कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। सीएसए के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि ये कार्यक्रम लोगों में राष्ट्रीय प्रेम की भावना को विकसित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं ।

उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर यह अभियान अमर बलिदानियों को सम्मान और एक भारत श्रेष्ठ भारत की दिशा में सार्थक होगा कुलपति ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश गर्म भावनाओं से भरपूर विषय है।जिसमें देशभक्ति और गर्व की भावना होती है।यह वाक्य भारत के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश लेकर आता है, जब हम अपने देश के बारे में विचार करते हैं। देश की आजादी में अपना सर्वस्व निछावर करने वाले अमर शहीदों के सम्मान में विभिन्न गांवों, शहरों से मिट्टी संग्रह कर अमर वाटिका में सम्मान के साथ रखा जाएगा।

इस अवसर पर कुलपति ने सभी को पंच प्रण प्रतिज्ञा भी दिलाई।राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर कुल सचिव डॉक्टर पी के उपाध्याय, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉक्टर सी एल मौर्य, एनएसएस की कोऑर्डिनेटर डॉक्टर अर्चना सिंह एवं डॉक्टर रश्मि सिंह, सभी प्रोफेसर सहित छात्राओं ने राष्ट्रगान कर वीरों को सम्मान दिया।

# पुलिस आयुक्त ने महिला सशक्तिकरण रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## मातृ शक्ति के प्रति एक नए विश्वास का प्रतीक है मिशन शक्ति



**बीपीएस न्यूज**

कानपूर।शनिवार को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति के चौथे चरण का शुभारंभ हुआ सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला सशक्तिकरण की रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया7 रैली के जरिये केंद्र और राज्य सरकार की ओर से महिला- बेटी संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई इसके अलावा उत्तर प्रदेश के कई जिलों में मिशन शक्ति के शुभारंभ पर रैली निकाली गयी

कानपूर में भी मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण के अवसर पर पुलिस आयुक्त डॉ श्री आर के स्वर्णकार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन से महिला सशक्तीकरण रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया मिशन शक्ति मां दुर्गा के प्रति सम्मान और मातृ शक्ति के प्रति एक नए विश्वास का प्रतीक है 2020 में महिला संबंधी अपराधों पर लगाम लगाने के लिए एक कार्यक्रम की शुरुआत हुई।मिशन शक्ति के नाम से शुरू हुआ अभियान सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की थीम पर आगे बढ़ा/ उत्तर प्रदेश में मिशन शक्ति 4.0 शुरूपूरे प्रदेश में मिशन शक्ति का कार्यक्रम लोकपिय हुआ/ महिला अपराध पर लगाम लगाने में कार्यक्रम से बहुत सफलता मिली भारत सरकार ने मिशन शक्ति अभियान को सराहा, केंद्रीय स्तर पर महिला सुरक्षा के लिए चलाए जाने वाले अभियान का नाम भी मिशन शक्ति रखा गया मिशन शक्ति के चौथे संस्करण का शुभारंभ कार्यक्रम जागरूकता फैलाने के लिए है अक्सर देखने को मिलता कार्यक्रम के बारे में संबंबिध पक्ष को नहीं पता होता है इसलिए जागरूक करने के लिए पूरे प्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं कानपूर में भी मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण के अवसर पर पुलिस आयुक्त डॉ श्री आर के स्वर्णकार द्वारा शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन से महिला सशक्तीकरण रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया इस अवसर पर संयुक्त पुलिस आयुक्त व जनपद के सभी उच्चधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## भौती मौरंग गिट्टी व्यापार मण्डल के व्यापारियों ने विधायक से व्यापार में हो रही समस्याओं को बताया



कानपुर, विधायक अभिजीत सिंह सांगा के आवास पर व्यापारी भाईयो की समस्या जैसे लेबर कार्ड, सफाई व्यवस्था, नो एंट्री की वजह से होने वाली दिक्कत, रोड लाइट आदि समस्याओं से अवगत करवाया कराया जिससे हम सभी व्यापारी को व्यापार करने में समस्या का सामना करना पड़ता है जिस पर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने जल्दी ही मौरंग मण्डी मे आ कर समस्या देखने और समाधान करवाने का आश्वासन दिया।भौती मौरंग गिट्टी व्यापार मण्डल अध्यक्ष अन्नू पंडित को आश्वासन दिया कि जल्दी ही सभी व्यापारी भाईयो से मिलने और चाय पर चर्चा करेंगे आकर।इस अवसर साथ में विक्रम राजावत (प्रांसु), अतुल शुक्ला, शिवम दीक्षित, राम कृपाल यादव, मयंक शुक्ला ईट वाले, आशीष यादव, राजन चौहान, रजत मिश्रा, निखिल चौहान, अंकित शुक्ला,व मोरंग मंडी के सभी व्यापारी भाई उपस्थित रहे।

## महापौर ने चट्टा संचालको के साथ की बैठक

कानपुर।प्रमिला सभागार में महापौर प्रमिला पांडे द्वारा चट्टा संचालकों की बैठक हुई।जिसमें जिसमें महापौर द्वारा सभी चट्टा संचालकों को यह निर्देश दिया गया कि 100 कुंतल गोबर का शुल्क 1200 देय होगा. चट्टा संचालकों के बार-बार कारोबार ठप होने का अनुरोध करने पर महापौर ने 6 महीने के लिए अभियान को स्थगित करने का ऐलान किया महापौर ने यह भी निर्देश दिया कि यह आदेश सिर्फ 6 महीने तक ही लागू रहेगा यदि चट्टा संचालकों द्वारा उनके क्षेत्र व उनके आसपास गोबर पाया गया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी चट्टा संचालकों कोई यह भी आश्वासन दिया गया कि स्थाई चट्टा बनाने हेतु शासन स्तर पर बात करेंगी।बैठक में प्रमुख रूप से अपर नगर आयुक्त पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ निरंजन एवं समस्त जोनल स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## विश्राम दिवस पर हजारों भक्तों ने श्री मद्भागवत कथा का किया श्रवण



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। श्री राम सेवा समिति के तत्वाधान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का विश्राम दिवस संपन्न हुआ कथा व्यास आचार्य पंडित दीपक कृष्ण जी महाराज ने पिता का प्रारंभ करते हुए बताया कि अपने भक्त के मन की इच्छा पूर्ण करने के लिए भगवान कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं रुक्मणी के प्रणय निवेदन पर भगवान ने उनका हरण किया राजा सत्राजित को भगवान सूर्य के द्वारा समयन्तक नाम की मणि प्राप्त हुई जिसकी चोरी का आरोप भगवान कृष्ण पर लगा

और भगवान कृष्ण ने बड़ी खोज कर सत्राजित को वापस करी इस मणि के कारण भगवान के दो विवाह प्रथम जामवती मैया से और दूसरा सत्यभामा जी से संपन्न हुआ भगवान का विवाह यमुना मैया से हुआ राजा नागन्जित की कन्या के स्वयंवर में जाकर भगवान ने सात बैलो को नाथकर सत्या जी से विवाह किया भगवान का विवाह लक्ष्मण जी के साथ भद्रा जी के साथ भी संपन्न हुआ भौमासुर को मार कर भगवान ने उसके कारागार में कैद 16000 कन्याओं को मुक्त किया और उनके साथ में विवाह किया इस प्रकार भगवान के 16008 विवाह संपन्न हुए । राजा नृग के चरित्र के द्वारा भगवान ने हमें ब्राह्मणों का सम्मान करने की शिक्षा दी भगवान ने बताया कि कोई यदि जहर खा ले तो केवल उसकी ही मृत्यु होगी लेकिन अगर किसी के घर में बलात ब्राह्मण का धन आ गया तो उसके संपूर्ण परिवार का ही नाश कर देता है कोई पत्थर को हजम कर सकता है अथवा तो लोहे का चूर्ण भी बचा सकता है परंतु ब्राह्मण का धन पचाने की सामर्थ्य संसार में किसी के पास भी नहीं हैभगवान के द्वारा पौण्ड्रक और काशीराज का उद्धार किया गया भगवान के परम मित्र सुदामा की कथा कहते हुए महाराज श्री ने बताया कि जीवन में कभी कोई अमीर व्यक्ति किसी गरीब का मित्र नहीं हो सकता परन्तु केवल भगवान ही तीन लोग के स्वामी होते हुए भी दीनबंधु कहलाते हैं भगवान ने सुदामा के चावल खाकर सुदामा को अपने ही समान बना दिया परंतु सुदामा जब कुछ नहीं था तब भी भगवान के भक्त थे और संपूर्ण वैभव प्राप्त होने पर भी उनके मन में भगवान के प्रति भाव बना रहा जो भगवान की कृपा से ही संभव हो सकता है विश्राम दिवस के अवसर पर हजारों भक्तों ने कथा का श्रवण किया सुदामा चरित्र की कथा सुनकर सभी भक्तों की आंखें नम हो गई इस अवसर पर राधा कृष्ण की मनोहारी झांकी का दर्शन भी भक्तों को कराया गया कार्यक्रम आयोजन श्रीराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनोज बाजपेई द्वारा आए हुए सभी भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए प्रसाद वितरण किया गया संपूर्ण कार्यक्रम में साउंड की व्यवस्था सतीश साउंड सर्विस के द्वारा की गई इस अवसर पर रजत बाजपेई, राहुल पांडे, दिवांशु वर्मा, विपिन दीक्षित, आदि हजारों भक्त उपस्थित रहे।

## दो ट्रक में टक्कर से हाइवे जाम, पांच किमी लंबी वाहनों की लाइन



कानपुर। कानपुर-इटावा हाईवे पर शनिवार सुबह एक ट्रक और डंपर के बीच टक्कर हो गई।टक्कर की वजह से कानपुर से इटावा की ओर जाने वाला मार्ग अवरुद्ध हो गया और करीब पांच किलोमीटर लंबा जाम लग गया। हादसे की सूचना पर पहुंची ट्रैफिक पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रकों को साइड कराकर यातायात सामान्य कराया।हालांकि यातायात सामान्य होने पर करीब ढाई घंटे का समय लग गया।जानकारी के अनुसार एक डंपर इटावा की ओर जा रहा था। वहीं, उसके पीछे तेज रफ्तार से माल लादकर एक ट्रेलर इटावा की ओर जा रहा था। गुजैनी के नजदीक अचानक ट्रेलर के आगे मौजूद गाड़ियों के ब्रेक लगा दिया।इस बीच पीछे से आ रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर डंपर से पीछे से टकरा गया, जिससे डंपर सड़क पर तिरछा हो गया।टक्कर लगने के बाद दोनों वाहनों के चालक-परिचालक मौके से भाग निकले। टक्कर लगने से पीछे चल रहे वाहनों के पहिये थम गए थे।नौबस्ता तक वाहनों का लंबा जाम लग गया। इस बीच हादसे की सूचना पर पहुंची गुजैनी व ट्रैफिक पुलिस ने क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को साइड कराकर आवागमन शुरू कराया।

## महिला महाविद्यालय में हुआ स्मार्ट फोन वितरण

कानपुर। किदवई नगर स्थित महिला महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत छात्राओ को स्मार्ट मोबाइल फोन वितरित किया गया ।प्राचार्या अंजू चौधरी द्वारा छात्राओ को मोबाइल फोन मिलने पर बच्चो के चेहरे पर मुस्कान खिल उठी ।बताते चले उत्तर प्रदेश शासन की स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना के तहत 520 बच्चो को मोबाइल फोन एवं बचे अन्य मोबाइल फोन को बच्चो को संपर्क कर दिया जाएगा।

## फलस्तीन के पक्ष में पोस्ट डालने पर मौलाना समेत दो पर मुकदमा...गिरफ्तार, व्हाट्सएप पर भी लगाया स्टेटस

**बीपीएस न्यूज**



हमीरपुर।हमीरपुर जिले में मौदहा कोतवाली क्षेत्र में इस्राइल व फलस्तीन के बीच चल रहे युद्ध को लेकर कस्बे के तीन लोगों ने फलस्तीन के पक्ष में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट की।पुलिस ने मौलाना सहित दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।साथ ही, मौलाना को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि मौलाना के द्वारा धार्मिक और सामाजिक सौहार्द खराब करने का प्रयास था।कस्बा मोहल्ला हैदरिया निवासी आतिफ चौधरी व सुहेल अंसारी निवासी मोहल्ला चौधराना ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट में पिछले आठ अक्तूबर को फलस्तीन के समर्थन में एक पोस्ट किया था।12 अक्तूबर को व्हाट्सएप स्टेटस पर लिखा कि इंशा अल्लाह बड़ा चौराहा की मस्जिद में बैतूल मुकदस की हिफाजत के ताल्लुक से बयान होगा और खुशी दुआ का एहतराम भी किया गया है।दूसरे स्टेटस में लब्बैक लब्बैक लब्बैक या अल अम्सा लिखा है।साथ ही फोटो पर तीन मस्जिद बनी हैं। तीसरे स्टेटस पर फिलीस्तीन का झंडा लिए एक मौलाना द्वारा एहले सुन्नत आफिरीयल साइट पर बयान करते हुए बोला जा रहा है, कि मुसलमान बराये रास हो जाए और फिर बताए ये फारुक ए आजम के मायजीव और इमामे हुसैन के मानने वाले तुम्हें तोड़कर न रख दें, तो फिर बताना कलमे में ताकत कितनी है।मामला दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया

अल जिहाद, अल जिहाद लब्बैक, लब्बैक जिहाद कमायत तक जारी रहेगा, जबकि यह नारा हिंदुस्तान में बैन है।कोतवाल सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न समुदायों के बीच धर्म, जाति आदि के आधार पर झूठे बयान देने व जान बूझकर धार्मिक, सामाजिक, सौहार्द खराब करने का मामला दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अराजकतत्वों ने तोड़ा

हमीरपुर।हमीरपुर जिले में नवदुर्गा पूजा के लिए निर्मित की गई देवी मां की मूर्तियों को अराजकतत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले में मूर्तिकार का कहना है कि काम अच्छा करने की वजह से खुराफात की गई है। जानकारी के अनुसार, राठ कस्बे में उरई बस स्टैंड नहर के पास भूमि राजपूत मूर्ति कला केंद्र में आगामी नवदुर्गा पूजा के लिए निर्मित हो रही देवी मां की तीन मूर्तियों को शरारती तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया।

घटना के बाद मूर्तिकार ने राठ कोतवाली पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। करगवां गांव के निवासी मूर्तिकार राघवेंद्र पुत्र गोविंददास ने कोतवाली में शिकायत कर बताया कि वह राठ कस्बे के उरई बस स्टैंड नहर के पास किराए की दुकान में नवदुर्गा पूजा के लिए मूर्तियों का निर्माण करता है।कल रात 11 बजे तक निर्मित मूर्तियों में अपनी कलाकारी करता रहा।

## जैनपुर की आनंदेश्वर फैक्टरी में लगी आग, दस लाख का नुकसान

कानपुर। कानपुर देहात के जैनपुर औद्योगिक क्षेत्र में आनंदेश्वर फैक्टरी में शुक्रवार देर रात आग लग गई। सूचना पर दमकल टीम पहुंची। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। वहीं, प्रबंधन ने आग लगने से करीब 10 लाख के नुकसान की बात बताई है। फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने कहा कि शार्ट सर्किट से आग लगी है।बता दें कि फैक्टरी में गद्दे का फोम, कुर्सी और प्लास्टिक दोना पत्तल बनता है। जहां आग लगी वह गोदाम था। आग बुझाने के लिए इंतजाम किए गए थे, लेकिन उपकरण सक्रिय नहीं थे।

## ट्रक चालक हत्याकांड: हत्यारोपी और पुलिस की मुठभेड़, जवाबी फायरिंग में पैर में लगी गोली, गिरफ्तार

- सुनसान स्थान देख चालक को गोली मारी
- सर्विस रोड पर झाड़ियों में पड़ा था शव
- रास्ते में आरोपी ने शौचक्रिया का बहाना किया
- दरोगा की रिवाल्वर छीन ली और फायर कर दिया
- चेचिस के पास ले जाकर 11 टायर खुलवा लिए थे

**बीपीएस न्यूज**

औरैया। औरैया जिले के अजीतमल कोतवाली क्षेत्र में अनंतराम टोल के पास ट्रक चेचिस मिली थी।मामले में जांच कर रही पुलिस ने एक आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी की निशानदेही पर चालक का शव इटावा जिले में महेवा के पास झाड़ियों से बरामद किया गया है।एसपी चारू निगम ने बताया कि 18 की रात जमशेदपुर से चला चेचिस अजीतमल कोतवाली क्षेत्र में मिला था और चालक लापता था। मामले में एसओजी टीम चालक की तलाश में जुटी थी।सर्विलांस टीम की मदद से दो आरोपियों को चिन्हित किया गया था। मुखबिर की सूचना पर चेचिस से निकाले गए नौ टायर समेत अन्य सामान लेकर कानपुर देहात की तरफ जाने की सूचना मिली।भगोतीपुर के पास चेकिंग लगाकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।मुख्य आरोपी थाना राजपुर कानपुर देहात निवासी सादिक उर्फ सोहेब खान पुत्र मुहीम खान और उसका साथी शीबू खान शामिल हैं।एसपी ने बताया कि आरोपी सादिक खान को पैसों की जरूरत थी। इस पर उसने योजना बनाई। कानपुर देहात के सिकंदरा स्थित सूर्या होटल के पास से आरोपी एक सवारी बनकर चेचिस की केबिन में पीछे बैठ गया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र ने टोल के आगे सुनसान स्थान देख ट्रक में पीछे बैठे आरोपी ने चालक को गोली मार दी।इससे वह ट्रक में गिर गया।इसके बाद आरोपी ने इटावा जिले के बकेवर थाना क्षेत्र के महेवा में झाड़ियों में मेटी में शव को लपेटकर फेंक दिया।आरोपी को लेकर शव बरामद करने को पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची। यहां चालक का शव महेवा ओवरब्रिज के पास सर्विस रोड पर झाड़ियों से बरामद किया।शव को इटावा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी ने बताया कि वापस लौटने के दौरान बीच रास्ते में आरोपी ने शौचक्रिया का बहाना किया।अजीतमल कोतवाली के दरोगा संतोष कुमार ने उसे शौचक्रिया के लिए अजीतमल क्षेत्र में फूटा कुआं के पास गाड़ी रोक कर ले गए।एसपी ने बताया कि जहां आरोपी ने दरोगा की रिवाल्वर छीन ली और फायर कर दिया। गोली पुलिस की गाड़ी के शीशे में लगी। इसके बाद वह भागने लगा। भागते समय आरोपी ने दो और फायर किए।चेतावनी के बाद न रुकने पर पुलिस ने जवाबी गोली चलाई।इससे एक गोली आरोपी के पैर में लगी।पुलिस ने घायल आरोपी को सीएचसी अजीतमल पहुंचाया, जहां से उसे सैफई रेफर कर दिया गया।एसपी ने बताया कि आरोपी ने बताया कि चालक की हत्या करने के बाद उसने टायर बदलने वाले कानपुर देहात के राजपुर निवासी एक व्यक्ति को अजीतमल क्षेत्र में खड़े चेचिस के पास ले जाकर 11 टायर खुलवा लिए थे।

# विश्व शांति का सिर्फ एक तरीका..योगी आदित्यनाथ ने बताया- सनातन धर्म ही गारंटी



हरियाणा के रोहतक स्थित स्थल बोहर मठ में चल रहे दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ ने विश्व शांति को लेकर बड़ा बयान दिया है. इस कार्यक्रम में संघ प्रमुख मोहन भागवत और योग गुरु बाबा रामदेव भी मौजूद थे. तीनों ही वक्ताओं दुनिया में मच रही उथल-पुथल को लेकर चिंता जहर करते हुए कहा की यही हालात रहे तो दुनिया तीसरे युद्ध का सामना जल्द ही कर सकती है. केवल भारत देश ही ऐसा है जहां शांति है और जहां शांति है वहां वैदिक सनातन धर्म है. इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया में अगर कोई धर्म शांति की गारंटी दे सकता है तो वह केवल वैदिक सनातन धर्म ही है.

**'सनातन धर्म ही शांति की गारंटी'**

दरअसल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरी दुनिया में वैदिक सनातन धर्म ही शांति की गारंटी है. पूरी दुनिया भारत की तरफ आशा भरी नजरों से देख रही है. उन्होंने विपक्ष पर निशाना चाहते हुए कहा कि जो लोग राम जन्मभूमि का नाम लेने से परहेज करते थे वह आज सनातन की तरफ भाग रहे हैं. उत्तर प्रदेश वह धार्मिक धारा है जहां देश को दिशा मिलती है, कर्म करना उनका धर्म है फल देना विधाता का काम है. इसी लक्ष्य को लेकर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जल्द ही अयोध्या में रामलाल मंदिर का उद्घाटन हो जाएगा.

**भारत की पलायन में विश्वास नहीं करती**

उन्होंने कहा कि आज कोई अफगानिस्तान से पलायन कर रहा है कोई यूक्रेन से पलायन कर रहा है और कोई गाजा से भी पलायन कर रहा होगा लेकिन भारत की 140 करोड़ जनता पलायन में विश्वास नहीं करती बल्कि विपरीत परिस्थितियों से लड़ना जानती है और यह हमें प्रेरणा हमें वैदिक सनातन धर्म से ही मिलती है. उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में बिगड़े हालातों के बाद पूरे विश्व के देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले भारत की और आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं. भारत में शांति केवल वैदिक हिंदू धर्म के कारण है और जिसका संरक्षण संत समाज कर रहा है.

**सनातन शांति और सौहार्द का प्रतीक**

कार्यक्रम में पहुंचे संघ प्रमुख मोहन भागवत ने सनातन धर्म की महता को बताते हुए कहा की सनातन धर्म ही हिंदू राष्ट्र है. सनातन शांति और सौहार्द का प्रतीक है सनातन पर ही दुनिया चलती है. उन्होंने आह्वान किया कि समाज में उच्च नीच का कोई स्थान नहीं है भारत एकजुठ है और इसकी एकजुटता का कारण है वैदिक सनातन धर्म. सनातन धर्म की रक्षा संत समाज को कैसे करनी है संत समाज अच्छी तरह जानता है.

**'भारत युद्ध नहीं योग देता है'**

इस दौरान योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि वह चाहते हैं की डेढ़ सौ साल तक जीवित रहे और भारत की सेवा करें क्योंकि वह हर रोजाना योग करते हैं.

उन्होंने उपस्थित जनसहमू से आह्वान किया कि वह योग को अपनाएं और 18 घंटे तक कड़ा पुरुषार्थ करें ताकि देश 2035 में ही महाशक्ति के रूप में खड़ा हो सके. उन्होंने कहा कि आज रूस यूक्रेन इसराइल और हमास का युद्ध मचा हुआ है पूरे विश्व में उथल-पुथल है इसमें कोई शंका नहीं है कि पूरा संसार आज तीसरे विश्व युद्ध के और बढ़ रहा है. लेकिन भारत में वैदिक धर्म के कारण शांति है क्योंकि भारत युद्ध नहीं योग देता है.

# पहले हुई छेड़खानी फिर छात्रा को ट्रेन के आगे फेंका, कटे दो पैर-एक हाथ; अब लड़ रही जिंदगी की जंग



उत्तर प्रदेश के बरेली शहर से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. सीबीगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम को छेड़खानी का विरोध करने पर नाबालिग छात्रा को एक युवक ने चलती ट्रेन के आगे फेंक दिया, जिससे उसका एक हाथ और दोनों पैर कट गए. पुलिस के मुताबिक इस मामले में मुख्य आरोपी और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है.इस मामले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा रुख अपनाया है और उनके आदेश पर लापरवाही के लिए सीबीगंज थाने के इंस्पेक्टर अशोक कुमार कम्बोज, हल्का प्रभारी सब-इंस्पेक्टर नितेश कुमार शर्मा और एक कांस्टेबल (आरक्षी) आकाशदीप को निलंबित कर दिया गया.

**बाप-बेटा गिरफ्तार**-एसएसपी ने राधेश्याम को सीबीगंज का नया इंस्पेक्टर तैनात किया है. थाना सीबीगंज के नए इंस्पेक्टर राधेश्याम ने काम संभालने के बाद बताया कि घटना के मुख्य आरोपी विजय मौर्य और उसके पिता कृष्णा पाल को गिरफ्तार कर लिया गया है. दोनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है.पुलिस के मुताबिक मंगलवार शाम को इस वारदात की शिकार हुई छात्रा जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है. उसकी कई हड्डियां भी टूट गईं. अस्पताल में भर्ती छात्रा की हालत गंभीर बनी हुई है. मुख्यमंत्री ने घायल छात्रा को पांच लाख रुपये की सहायता राशि तुरंत देने और इलाज में कोताही न बरतने के आदेश दिए हैं.

**क्या है पूरा मामला**-पुलिस की एफआईआर के मुताबिक, सीबीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की इंटर (12वीं) की 16 वर्षीय छात्रा के पिता ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी मंगलवार को चंदपुर से कोचिंग पढ़कर आ रही थी तो शाम करीब साढ़े चार बजे गांव का ही विजय मौर्य उसे एक ईंट भट्ठे के पास रोककर छेड़छाड़ करने लगा और उसकी बेटी का पीछा करने लगा.

पीड़िता के पिता के अनुसार, उनकी बेटी जान बचाने के लिए खड़ौआ की तरफ गई तभी विजय मौर्य ने ट्रेन के आगे उसे धक्का देकर मारने की कोशिश की, जिससे उसका एक हाथ और दोनों पैर कट गए. पुलिस के मुताबिक इस घटना का एक अन्य युवक गवाह है. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल किशोरी को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां रात में उसका ऑपरेशन किया गया. इसके पहले छात्रा के पिता ने बताया था कि एक युवक और उसके साथी उसकी बेटी को शाम को ट्यूशन पढ़ने जाने पर परेशान करते थे और उन्होंने आरोपी के परिवार से भी इसकी शिकायत की थी.

**कई धाराओं में मामला दर्ज**-सिटी एसपी राहुल भाटी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी विजय मौर्य के खिलाफ आईपीसी की धाराओं 307 (हत्या का प्रयास) 342 (किसी को जबरन रोकना), 504 (शांतिभंग के इरादे से जानबूझकर अपमान करना), 354-घ (महिला की लज्जा भंग करने के इरादे से पीछा करना), 326 (खतरनाक साधनों से गंभीर चोट पहुंचाना) और पॉक्सो अधिनियम के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है.बरेली के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि छात्रा की स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे बड़े अस्पताल में ट्रांसफर किया जा रहा है और सरकार उसके इलाज का खर्च उठाएगी. उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. एसएसपी चंद्रभान ने बताया कि शुरुआती नजर में पुलिस की लापरवाही को देखते हुए सीबीगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक अशोक कम्बोज, एक उप निरीक्षक और बीट सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है.

**छात्रा की हालत गंभीर**-अस्पताल के संचालक डॉ. ओ.पी. भास्कर ने बताया कि छात्रा के दोनों पैर घुटने से नीचे कट गए हैं. उसका बायां हाथ भी कटा है. छात्रा की हालत चिंताजनक है. छात्रा के पिता का आरोप है कि छेड़छाड़ की घटना के बारे में पहले पुलिस से भी शिकायत की थी पर सीबीगंज थाना पुलिस ने गांव में जाकर जांच पड़ताल भी नहीं की.

# इजराइल ने कैसे भगा-भगा कर मारे हमास के 1500 लड़ाकों को, सड़कें हुई खून से लाल!



इज़राइल की सेना ने कहा कि उसे इज़राइली क्षेत्र में लगभग 1,500 हमास आतंकवादियों के शव मिले हैं क्योंकि उसने दक्षिण में प्रभावी नियंत्रण हासिल कर लिया है और सीमा पर पूर्ण नियंत्रण बहाल कर लिया है। यह तुरंत स्पष्ट नहीं था कि क्या वे संख्याएँ फ़िलिस्तीनी अधिकारियों द्वारा पहले बताई गई मौतों से मेल खाती हैं। प्रवक्ता रिचर्ड हेचट ने कहा कि कल रात से हमास का कोई भी लड़ाका इस्राइल में नहीं घुसा है, हालांकि घुसपैठ अभी भी संभव हो सकती है। इजराइल के प्रधानमंत्री द्वारा इस्लामिक आतंकवादी समूह के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की कसम खाने के बाद, जो पीढ़ियों तक गूंजता रहेगा इजरायली युद्धक विमानों ने मंगलवार तड़के लगातार बमबारी के साथ हमास सरकार के केंद्र गाजा शहर पर हमला किया।

4 दिन पुराने युद्ध में पहले ही कम से कम 1,600 लोगों की जान जा चुकी है इज़राइल ने दशकों में पहली बार अपने शहरों की सड़कों पर बंदूक की लड़ाई देखी और गाजा में पड़ोस मलबे में तब्दील हो गए। हमास ने भी बिना किसी चेतावनी के नागरिकों को निशाना बनाने पर पकड़े गए इजरायलियों को मारने की प्रतिज्ञा करते हुए संघर्ष को बढ़ा दिया। इजराइल ने कहा कि गाजा में हमास और अन्य आतंकवादी समूहों ने इजराइल के अंदर से छीने गए 150 से अधिक सैनिकों और नागरिकों को पकड़ रखा है, क्योंकि हमले के बाद उसके शक्तिशाली सैन्य और खुफिया तंत्र पूरी तरह से सतर्क हो गए थे।जैसे ही इज़रायली सेना ने बड़े पैमाने पर लामबंदी में 300,000 रिजर्विस्टों को सक्रिय किया, एक बड़ा सवाल यह था कि क्या यह छोटे भूमध्यसागरीय तटीय क्षेत्र में जमीनी हमला शुरू करेगा। आखिरी जमीनी हमला 2014 में हुआ था। गाजा के पास एक दर्जन से अधिक शहरों से हजारों इजरायलियों को निकाला गया, और नई घुसपैठ से गाजा सीमा बाड़ में उल्लंघनों की रक्षा के लिए टैंक और ड्रोन तैनात किए गए। गाजा में, हवाई हमलों में इमारतें ध्वस्त होने के कारण हजारों लोग अपने घर छोड़कर भाग गए।

# इसराइल से बड़ा खतरा भारत पर क्यों मँडरा रहा है? आखिर खतरे को कैसे टाला जा सकता है?



इजराइल और हमास के बीच चल रही जंग से भारत तमाम तरह की सीख ले सकता है। रक्षा-सुरक्षा से जुड़े बड़े मुद्दों का हल तो हमारी सुरक्षा एजेंसियां निकाल लेंगी लेकिन जहां तक आंतरिक सुरक्षा का विषय है तो हमें तत्काल एक महत्वपूर्ण विषय पर ध्यान देना होगा। दरअसल भारत में वोट बैंक की राजनीति का फायदा उठा कर जो बांग्लादेशी घुसपैठिये या रोहिंग्या यहां आकर रहने लगे हैं, उन पर नजर रखने और उन्हें तत्काल देश से बाहर खदेड़े जाने की जरूरत है क्योंकि आज यह खुलकर हमास का समर्थन कर रहे हैं और हो सकता है कि कल को जरूरत पड़ने पर यह भारत का ही विरोध करने लगें। देखा जाये तो युद्ध की स्थिति में हमारे लिये यह मुश्किल हो सकता है कि हम बाहरी मोर्चे पर भी लड़ें और घरेलू मोर्चे पर घुसपैठियों द्वारा खड़ी की जा रही चुनौतियों से भी निबटें।साथ ही जो लोग आज हमास का समर्थन कर रहे हैं उन पर भी नजर रखी जानी चाहिए क्योंकि यह कल को पाकिस्तान के साथ युद्ध की स्थिति में धर्म के नाम पर भारत के दुश्मन का समर्थन कर सकते हैं। जहां तक भारत में रह रहे घुसपैठियों की बात है तो इनकी संख्या 5 करोड़ से ज्यादा बताई जा रही है। यानि इजराइल से बड़ा खतरा तो भारत के सिर पर मंडरा रहा है क्योंकि इन घुसपैठियों को भारतीय नागरिकों और भारतीय प्रतिष्ठानों आदि की कोई रेकी करने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह यहां के बारे में सब जानते हैं। हम कब, कैसे और कहां के लिए निकलते हैं और कब वापस आते हैं इसके बारे में यह घुसपैठिये सब जानते हैं इसलिए खतरा बहुत बड़ा है जिसकी गंभीरता को समय रहते भांपने और कदम उठाने की जरूरत है। बहरहाल, भारत के पीआईएल मैन के रूप में विख्यात उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय का इस बारे में कहना है कि घुसपैठियों की समस्या से जल्द से जल्द नहीं निबटा गया तो आने वाला वक्त मुश्किलों भरा हो सकता है।

# ये गैर जिम्मेदाराना है: योगी आदित्यनाथ के किस बयान से भड़क गया पाकिस्तान



पाकिस्तान ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की टिप्पणियों की आलोचना करते हुए कहा कि सिंधु दक्षिणी सिंध प्रांत को वापस लेने पर उनकी अत्यधिक गैर-जिम्मेदाराना टिप्पण गंभीर चिंता का विषय है। दो दिवसीय राष्ट्रीय सिंधी सम्मेलन को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि अगर श्री राम जन्मभूमि को 500 साल बाद वापस लिया जा सकता है, तो कोई कारण नहीं है कि हम सिंधु को वापस नहीं ले सकते जो अब पाकिस्तान में है।इस मुद्दे पर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज ज़हरा बलूच ने कहा कि राजनेता की भड़काऊ टिप्पणियां 'अखंड भारत' (अविभाजित भारत) के अनावश्यक दावे से प्रेरित हैं और इतिहास के विकृत दृष्टिकोण को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि हम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा की गई बेहद गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी की निंदा करते हैं। बलूच ने कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय है कि भाजपा-आरएसएस मिलकर अपने विभाजनकारी और संकीर्ण राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह के विचारों को तेजी से बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने भारत से पड़ोसी देशों के साथ विवादों को सुलझाने और आधिपत्यवादी और विस्तारवादी मंसूबों को बढ़ावा देने के बजाय एक शांतिपूर्ण और समृद्ध दक्षिण एशिया के निर्माण के लिए उनके साथ काम करने का आग्रह किया।

# चाइना को थी भारत के 'वसुधैव कुटुंबकम' पर आपत्ति

## अब यूएन ने उसी दर्शन को अपनाया, स्थायी मिशन के परिसर में पट्टिका को किया गया स्थापित



पट्टिका का अनावरण आईसीसीआर के साथ भारत के स्थायी मिशन द्वारा संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 'वसुधैव कुटुंबकम' पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने के एक दिन बाद हुआ। वर्ष 2023 के लिए भारत की त्20 प्रेसीडेंसी ने 'वसुधैव कुटुंबकम' या 'एक पृथ्वी ङ्क एक परिवार ङ्क एक भविष्य' विषय को अपनाया, जो वैश्विक चुनौतियों से निपटने में एकता और सहयोग को प्रभावी ढंग से बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

अगस्त का महीना था जब भारत जी20 के सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने में लगा था। ठीक उसी वक्त चीन भारत के खिलाफ साजिशें रचने में लगा था। चीन 'वसुधैव कुटुंबकम' (दुनिया एक परिवार है) को भारत की जी20 अध्यक्षता की थीम के रूप में शामिल करने पर आपत्ति जताई थी। अब उसी भारत के 'वसुधैव कुटुंबकम' दर्शन को संयुक्त राष्ट्र ने अपनाया है। भारत वसुधैव कुटुम्बकम् की अवधारणा को आत्मसात करता चलता है। इसका अर्थ है कि हम पूरी पृथ्वी को एक परिवार की तरह मानते हैं।

**स्थायी मिशन के परिसर में पट्टिका स्थापित**

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के परिसर में 'वसुधैव कुटुंबकम' शिलालेख वाली एक पट्टिका स्थापित की गई है, जो एकता और वैश्विक सहयोग के लिए नई दिल्ली की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। पट्टिका का अनावरण एक विशेष समारोह में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के अध्यक्ष डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे और संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने किया।

**वैश्विक चुनौतियों से निपटने में एकता और सहयोग पर जोर**

हिंदी में 'वसुधैव कुटुंबकम' और अंग्रेजी में 'द वर्ल्ड इज वन फैमिली' वाक्यांश के साथ सोने की रंग की पट्टिका शहर में भारत के स्थायी मिशन के परिसर के प्रवेश द्वार के अंदर एक दीवार पर सजी हुई है।

**चीन ने जताई थी आपत्ति**

चीन ने पिछले महीने की त्20 ऊर्जा मंत्रिस्तरीय बैठक के साथ-साथ कई अन्य समान त्20 दस्तावेजों के दौरान आउटकम डॉक्यूमेंट में इस वाक्यांश और इसके उपयोग का विरोध किया था, मुख्य रूप से क्योंकि संस्कृत

संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त छह आधिकारिक भाषाओं में से एक नहीं थी। इसी तरह से त्20 के बाकी डॉक्यूमेंट्स में भी इस शब्द का उपयोग है। चीन ने तर्क दिया कि जी-20 दस्तावेज आधिकारिक तौर पर 'वसुधैव कुटुंबकम' शब्द का उपयोग नहीं कर सकते। उसका कहना है कि यह एक संस्कृत भाषा का शब्द है और इस भाषा को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की तरफ से मान्यता दी गई। छह आधिकारिक भाषाओं में शामिल नहीं किया गया है।

**यही भारत की पहचान**

सहस्त्रबुद्धे ने अनावरण के अवसर पर कहा कि एक तरह से 'वसुधैव कुटुंबकम' के पीछे के दर्शन ने आधुनिक भाषा में जिसे हम ब्रांड इंडिया कह सकते हैं, बनाया है। यह भारत की पहचान है; यह भारत का विश्व दृष्टिकोण है। जिसमें संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के कई भारतीय अधिकारियों, राजनयिकों के साथ-साथ महानिदेशक कुमार तुहिन और उप महानिदेशक अभय कुमार सहित आईसीसीआर के अधिकारियों ने भाग लिया।

# 'बेबी, मैं तुम्हारे लिए पूरे 9 दिन नवरात्रि का व्रत रखूंगा.. मेरी टाइग्रेस', कॉनमैन सुकेश ने जेल से जैकलीन को लिखा पत्र



200 करोड़ रुपये की जबरन वसूली के मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद महाठग सुकेश चंद्रशेखर ने नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्रि से पहले बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज को लेटर लिखा है. लेटर में उसने कहा है कि वह उनकी (जैकलीन) भलाई के लिए पूरे 9 दिन व्रत रखेगा. नवरात्रि व्रत रख कामना करेगा कि जैकलिन के आस-पास की सारी नकारात्मकता दूर हो जाए.सुकेश ने एक्ट्रेस जैकलीन को टाइग्रेस कहते हुए उनके प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त की और दोहा शो में उनकी मौजूदगी की तारीफ भी की. सुकेश ने लेटर में लिखा, बेबी, पहली बात तो यह कि तुम दोहा शो में सुपर हॉट और सुंदर लग रही थी. बेबी, तुमसे ज्यादा सुंदर कोई नहीं है, मेरी बोम्मा.सुकेश ने जैकलीन की भलाई और खुशी के लिए नवरात्रि के पूरे नौ दिनों का व्रत करने का इरादा भी व्यक्त किया. बता दें कि सुकेश चंद्रशेखर कथित तौर पर अपनी गिरफ्तारी से पहले जैकलीन के साथ रिश्ते में था. उसने लेटर में लिखा, बेबी, क्योंकि कल से नवरात्रि शुरू हो रही है, मैं अपने जीवन में पहली बार तुम्हारी भलाई के लिए और खास तौर पर हमारे आसपास की सभी नकारात्मकता को दूर करने के लिए पूरे 9 दिनों का व्रत रखने जा रहा हूं.सुकेश ने नवरात्रि के नौवें दिन वैष्णो देवी मंदिर और महाकालेश्वर मंदिर में जैकलीन के लिए एक विशेष पूजा की व्यवस्था करने के अपने इरादे के बारे में भी बात की. बता दें कि सुकेश वर्तमान में 200 करोड़ रुपये के जबरन वसूली मामले में जेल में बंद है. 200 करोड़ रुपये की रंगदारी मामले में कॉनमैन चन्द्रशेखर फिलहाल दिल्ली की मंडोली जेल में बंद हैं. उसके बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज के साथ रिश्ते में होने की अफवाह थी.हालांकि, जैकलीन ने सुकेश के साथ किसी भी तरह के रोमांटिक रिश्ते से इनकार किया है लेकिन वह भी इस मामले में आरोपी हैं।

# भारत में एफआईआर के बाद बिलबिलाया खालिस्तानी आतंकी, पंजाब में हमास जैसे हमले की धमकी

खालिस्तानी आतंकी गुरुपतवंत सिंह पन्नू ने धमकी दी है कि वो पंजाब को हासिल करने के लिए हमास की तरफ हमला करेगा. उसका एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है. उसका कहना है कि इजरायल-फिलिस्तीन के जंग से भारत को सीखने की जरूरत है ताकि उस तरह का प्रतिक्रिया ना हो. सिख फॉर जस्टिस का यह मुखिया कह रहा है कि पंजाब से लेकर फिलिस्तीन तक जो लोग अवैध कब्जे में रह रहे हैं वो वैसा ही जवाब देंगे, हिंसा का जवाब हिंसा है.गुरुपतवंत ने कहा कि अगर भारत ने पंजाब पर अवैध कब्जा जारी होगा तो प्रतिक्रिया होगा और उसके लिए कोई और नहीं भारत और उसके पीएम नरेंद्र मोदी की जिम्मेदारी होगी, उसने कहा कि पंजाब की मुक्ति तय है उसने कैमरे की तरफ इशारा करते हुए कहा कि वोट या गोली. इसका चुनाव भारत को करना है. यही नहीं उसने कहा कि हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का बदला जरूर लेंगे.बता दें कि आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 में भारत पाकिस्तान मैच से ठीक पहले उसके खिलाफ धमकी देने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई और उसके जवाब में यह वीडियो सामने आया है.एएनआई के मुताबिक अहमदाबाद के सायबर क्राइम के डीसीपी अजीत राजियन ने बताया कि धमकी के संदेश पहले रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर संदेश भेजे गए थे.गुरुपतवंत सिंह का जन्म अमृतसर में हुआ था और वो एनआईए की रडार पर 2019 से है, एनआईए ने 2019 में पहला मामला दर्ज किया था जो आतंकी गतिविधियों से संबंधित है. 3 फरवरी 2021 को उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट घोषित किए जाने के बाद उसे घोषित अपराधी की श्रेणी में रखा गया है, हाल ही में उसका संपत्तियों को जब्त भी किया गया है. गुरपतवंत सिंह पन्नू सोशल मीडिया पर अक्सर भारत विरोधी बयानबाजियों को पोस्ट करता है.

# वीर बलिदानियों के लिए किया सामूहिक तर्पण



हंडिया। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मां भगवती वैदिक शिक्षण जनसेवा एवं नैतिक धार्मिक संस्कृत शिक्षा संस्थान खखैचा, प्रतापपुर प्रयागराज के तत्वावधान में देश,धर्म,राष्ट्र के लिए अपने प्राणों का त्याग करने वाले वीर बलिदानियों के आत्मा की शांति के लिए तर्पण किया गया।संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आचार्य धीरज द्विवेदी याज्ञिक ने बताया कि सब कोई अपने पितरों का तर्पण करते हैं परन्तु हमारी यह संस्था देश,धर्म के लिए बलिदान होने वाले वीरों को तर्पण प्रदान करती है यह कार्य विगत 6 वर्षों से लगातार किया जा रहा है चतुर्दशी तिथि को अस्त्र शस्त्र से मृत हुए लोगों का तर्पण श्राद्ध किया जाता है इसलिए हम भी प्रत्येक वर्ष चतुर्दशी तिथि को ही वीर बलिदानियों के लिए तर्पण करते हैं।इस अवसर पर तीर्थ पुरोहित अजय तिवारी,अभिनव द्विवेदी डीयम,चंद्रभूषण तिवारी,अजय कुमार शुक्ल बच्चन,विनय शुक्ल,नीरज द्विवेदी,पुष्पेन्द्र पंडित,श्यामसुंदर पाण्डेय,प्रिन्स तिवारी,सुमित तिवारी,आदर्श दुबे,हिमांशु पाण्डेय,आदित्य कुमार,नारायण दुबे,निहाल आदि रहे।

# सुप्रीम कोर्ट ने 26 हफ्ते की प्रेग्नेंट के अबॉर्शन पर लगाई रोक



26 हफ्ते के गर्भ वाली एक शादीशुदा महिला को गर्भपात की इजाज़त दी जाए या नहीं, इस पर सुप्रीम कोर्ट के दो महिला जजों ने अलग-अलग राय दी है. अब मामला बड़ी बेंच के गठन के लिए चीफ जस्टिस को भेज दिया गया है. अहम बात है कि सोमवार को ही सुप्रीम कोर्ट ने इस महिला की कमज़ोर आर्थिक और मानसिक स्थिति के मद्देनजर उसे गर्भपात की इजाज़त दे दी थी. लेकिन मंगलवार को एम्स के मेडिकल बोर्ड के डॉक्टर ने राय दी कि भ्रूण के जीवित बचने की पूरी संभावना है. इसके बाद केन्द्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से पुराना आदेश वापस लेने की मांग की. सरकार की मांग पर विचार के लिए एक बार फिर से बेंच बैठी.

**दो जजों की राय में मतभेद**

लेकिन एम्स की बदली हुई मेडिकल रिपोर्ट के मद्देनजर गर्भपात की इजाज़त दी जाए या नहीं, इस पर दो जजों की बेंच की सदस्य- जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस बी वी नागरत्ना की राय अलग-अलग थी. जस्टिस हिमा कोहली ने अपने आदेश में कहा कि भ्रूण के जीवित बचने की एम्स की नई मेडिकल रिपोर्ट के मद्देनजर उनकी न्यायिक अंतरात्मा अब महिला को गर्भपात की इजाज़त नहीं देती. वहीं, जस्टिस बी वी नागरत्ना ने कहा कि महिला को गर्भपात की इजाजत देने वाला 9 अक्टूबर के आदेश पूरी तरह सही है और उसे वापस लेने की उन्हें कोई ज़रूरत नहीं लगती. इस केस में बच्चे की जीवित बचने की संभावना के बजाय गर्भवती महिला की इच्छा को तरजीह देनी चाहिए. महिला के पहले ही दो बच्चे हैं, दूसरा बच्चा सिर्फ एक साल का है. जिस तरह की अपनी सामाजिक और आर्थिक स्थिति उसने कोर्ट के सामने रखी है और बार-बार दोहराया है कि वो मानसिक हालात के लिए दवाई ले रही है और तीसरा बच्चा नहीं चाहती, उसकी इच्छा का सम्मान किया जाना चाहिए.इससे पहले सोमवार, 9 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने महिला को गर्भपात की इजाज़त दे दी थी. सुप्रीम कोर्ट का कहना था कि महिला पहले से ही डिप्रेशन का शिकार है और वो तीसरे बच्चे के पालन पोषण के लिए आर्थिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से तैयार नहीं है. ऐसी सूरत में उसे अनचाही गर्भावस्था के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता.मंगलवार को एम्स के मेडिकल बोर्ड ने इस मामले में केंद्र का पक्ष रख रही स्त्र ऐश्वर्या भाटी को सूचित किया कि भ्रूण के जीवित बचने की पूरी संभावना है. ऐसे में हम सुप्रीम कोर्ट से यह स्पष्टीकरण चाहते हैं कि क्या टर्मिनेशन से पहले बच्चे की हृदय की धड़कनों को बंद करने की इजाज़त दी जा सकती है. डॉक्टरों का कहना था कि असमान्य भ्रूण के केस में तो हम ऐसी प्रकिया को अंजाम देते हैं, पर सामान्य केस में ऐसा नहीं होता.

एम्स की नई रिपोर्ट के मद्देनजर केंद्र सरकार ने मंगलवार को फिर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया और गर्भपात की इजाज़त के कोर्ट के पुराने आदेश को वापस लेने की मांग की. मंगलवार शाम 4 बजे स्त्र ऐश्वर्या भाटी ने चीफ जस्टिस के सामने यह मामला रखकर जल्द सुनवाई की मांग की.चीफ जस्टिस ने एम्स को फिलहाल गर्भपात न करने का निर्देश देते हुए सरकार से कहा कि वो पुराना आदेश वापस लेने के लिए अर्जी दाखिल करें

सुप्रीम कोर्ट ने एम्स के मेडिकल बोर्ड के रवैये पर नाराजगी जाहिर की।

# दुर्गा
## देवी का अजेय रूप

दुर्गा को आदि शक्ति, प्रधान प्रकृति, गुणवती योगमाया, बुद्धितत्व की जननी तथा विकार रहित बताया गया है। वह अंधकार व अज्ञानता रुपी राक्षसों से रक्षा करने वाली तथा कल्याणकारी हैं। उनके बारे में मान्यता है कि वे शान्ति, समृद्धि तथा धर्म पर आघात करने वाली राक्षसी शक्तियों का विनाश करतीं हैं।



### कमल

संस्कृत में कमल को पंकज कहा जाता है, जिसका अर्थ है "कीचड़ से पैदा हुआ", विश्वासियों को वासना और लालच की सांसारिक कीचड़ के बीच अपनी आध्यात्मिक खोज के प्रति सच्चे रहने की याद दिलाता है।

### तलवार

दुर्गा के पास जो तलवार है वह ज्ञान की तीक्ष्णता का प्रतीक है और उसकी चमक उस ज्ञान का प्रतिनिधित्व करती है जो सभी संदेहों से मुक्त है।

### चक्र

दुर्गा का ऊपरी दाहिना हाथ जो सुरक्षा की अभय मुद्रा में है, उसमें एक चक्र है जो कर्तव्य और धार्मिकता का प्रतीक है।

### देवताओं के हथियार

कोई भी देवता महिषा-भैंस दानव को हराने में सक्षम नहीं था। दैवीय देवी, दुर्गा ने सात शक्तियों से खुद को प्रकट किया और प्रत्येक शक्तिशाली देवताओं से एकत्र किए गए हथियारों का उपयोग करके राक्षस पर विजय प्राप्त करने का प्रयास किया। इन हथियारों के साथ, दुर्गा राक्षसों शुंभ और निशुंभ के साथ-साथ सभी महिषों की सेनाओं को हराने में सक्षम थीं। दुर्गा ने अंततः अपने त्रिशूल का उपयोग करके महिषासुर को हरा दिया।

### शंख

शंख प्रणव, या ध्वनि "ओम" का प्रतीक है, जो पवित्र शब्द है जिसे दुनिया बनाने के लिए बोला गया था। यह ध्वनि के रूप में भगवान को धारण करने वाली दुर्गा का प्रतिनिधित्व करता है।

### त्रिशूल

वे जो त्रिशूल रखती हैं, वह तीन मानवीय गुणों का प्रतीक है- सत्व (निष्क्रियता या मन की आदर्श स्थिति जो जागरूकता और विचार की शुद्धता की विशेषता है), राजस (इच्छाओं और महत्वाकांक्षाओं से जुड़ी गतिविधि या ऊर्जा) और तामस (सुस्ती और तनाव)।

### वाहन

उन्हें एक शेर की सवारी के रूप में चित्रित किया गया है, जो असीमित शक्ति का प्रतीक है। शेर की सवारी करने वाली दुर्गा इंगित करती है कि उनके पास असीमित शक्ति है और वह इसका उपयोग सद्गुणों की रक्षा और बुराई को नष्ट करने के लिए करती है।

### दुर्गा की अभिव्यक्ति

जब दुर्गा स्वयं के रूप में प्रकट होती हैं, तो वह नौ पदों में से एक में प्रकट होती हैं: स्कंदमाता, कुसुमंदा, शैलपुत्री, कालरात्रि, ब्रह्मचारिणी, महा गौरी, कात्यायनी, चंद्रघंटा और सिद्धिदात्री। इन अभिव्यक्तियों को सामूहिक रूप से नवदुर्गा के रूप में जाना जाता है।

“ ओम् दम दुर्गायेई नम:”

"ओम और उस नारी शक्ति को नमस्कार है जो सभी प्रकार के नकारात्मक प्रभावों से रक्षा करती है।"

### इतिहास को रखा बरकरार, वर्ल्ड कप में

# रोहित शर्मा की धुआंधार पारी, भारत पाकिस्तान पर पड़ा भारी



वर्ल्ड कप 2023 में बहु प्रतिशत भारत-पाकिस्तान महा मुकाबले में आज टीम इंडिया ने जबर्दस्त जीत हासिल की है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस जीतकर कप्तान रोहित शर्मा ने पहले पाकिस्तान को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। हालांकि, अच्छी शुरुआत मिलने के बावजूद भी भारतीय गेंदबाजों के सामने पाकिस्तानी बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए और महज 191 रन ही बना पाए। भारत को जीत के लिए 192 रन बनाने थे और इसे भारत ने 30.3 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। भारत ने शुरुआत से ही पाकिस्तान पर आक्रमण बनाए रखा। कप्तान रोहित शर्मा ने तेज तर्रार पारी खेलते हुए भारत को एक मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था। रोहित शर्मा ने 63 गेंदों में 6 चौके और 6 छक्कों की मदद से 86 रन बनाए।

डेंगू से वापसी कर रहे शुभमन गिल ने आज के मैच में कुछ खास कमाल नहीं किया। लेकिन कहीं ना कहीं एक अच्छी शुरुआत देने में अहम भूमिका निभाई। शुभमन गिल ने 16 रन बनाए जबकि विराट कोहली भी 16 रन पर आउट हुए। रोहित शर्मा ने एक छोर को संभाले रखा। भारत की ओर से श्रेयस अय्यर की भी शानदार पारी देखने को मिली। अय्यर ने 53 रन की पारी खेली। इसके साथ ही भारत ने उस इतिहास को बरकरार रखा है जिसमें एकदिवसीय विश्व कप में उसे कभी भी पाकिस्तान से हार नहीं मिली है। अब तक विश्व कप के आठ मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान पर बुलंद जीत हासिल की है। पाकिस्तान की ओर से शाहीन अफरीदी ने दो सफलताएं हासिल की जबकि हसन अली को एक विकेट मिला।इससे पहले मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने विश्व कप के बहु प्रतीक्षित मुकाबले में पाकिस्तान को 42.5 ओवर में 191 रन पर आउटकर दिया। वनडे विश्व कप में भारत के खिलाफ पाकिस्तान का यह दूसरा न्यूनतम स्कोर है। इससे पहले 1999 में पाकिस्तानी टीम 180 रन पर आउट हो गई थी। नयी गेंद संभालने वाले सिराज और बुमराह ने अपनी लैंग्थ में बदलाव करके सीम का पूरा फायदा उठाते हुए पाकिस्तान के मध्यक्रम को निस्तेज कर दिया और विश्व कप में भारत की चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ आठवीं जीत का मार्ग प्रशस्त किया। कुलदीप यादव ने सऊद शकील (छह) और इफ्तिखार अहमद (चार) को लगातार आउट करके पाकिस्तान की परेशानियां और बढा दी। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी के रोहित शर्मा के फैसले पर कई भृकुटियां तनी होगी लेकिन भारत ने शुरू ही से मैच पर दबाव बनाये रखा। पाकिस्तान के लिये कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान ने तीसरे विकेट के लिये 82 रन जोड़े लेकिन उनके अलावा कोई साझेदारी नहीं बना सका।



## ऑस्टेलिया के खिलाफ खास उपलब्धि मिलर और वान डेर दुसान का कर रही इंतजार



नई दिल्ली. वर्ल्डकप 2023 की दो दिग्गज टीमों ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच आज गुरुवार को मुकाबला होना है. मैच नवाबों के शहर लखनऊ के इकाना स्टेडियम पर खेला जाएगा. पांच बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टीम के लिए यह मैच बेहद अहम है क्योंकि भारत के खिलाफ पहले मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा था. इस लिहाज से पैट कमिंस की टीम इस मैच को जीतकर दो अंक अपने खाते में करने के लिए बेताब होगी. हालांकि यह आसान नहीं रहने वाला.

दक्षिण अफ्रीका की टीम ने हाल ही में ऑस्टेलिया के खिलाफ पांच वनडे मैचों की सीरीज 3-2 से जीती है. इसके साथ ही वर्ल्ड कप 2023 में श्रीलंका के खिलाफ अपने मैच में 428 रनों का विशालकाय स?कोर बनाने के बाद टीम विश्वास से भरी हुई है. तेंबा बावुमा की टीम ने यह मैच 102 रन के बड़े अंतर से जीता था.

दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने श्रीलंका के खिलाफ इस मैच में जबर्दस्त फॉर्म दिखाया था. तीन बैटरों-क्विंटन डिकॉक, रासी वान डेर दुसेन और एडेन मार्करम ने इस दौरान शतक जड़े थे. वैसे भी एस्टन एगर के टूर्नामेंट के पहले चोटिल होने के बाद से ऑस्ट्रेलिया टीम दूसरे रेगुलर स्पिनर की कमी से जूझ रही है और दक्षिण अफ्रीकी टीम इस स्थिति का फायदा उठा सकती है. दक्षिण अफ्रीका के दो बैटरों-डेविड मिलर और डेर वान दुसेन के पास इस मैच में खास उपलब्धि हासिल करने का मौका होगा. बाएं हाथ के जबर्दस्त बैटर मिलर ने वर्ल्ड कप के 15 मैचों में अब तक 55.44 के औसत से 499 रन बनाएंगे. एक रन बनाते ही वे टूर्नामेंट में 500 रन का आंकड़ा हासिल कर लेंगे.

श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच में शतक जड़ने वाले दुसेन का भी ऐसी ही उपलब्धि इंतजार कर रही है. अपना दूसरा वर्ल्ड डकप खेल रहा यह बैटर अब तक के 10 मैचों में 69.83 के जोरदार औसत से 419 रन बना चुका है. 500 रन के आंकड़े तक पहुंचने के लिए उन्हें 81 रन की दरकार है. वान डेर यदि श्रीलंका की तरह की पारी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी खेलने में सफल रहे तो इसी मैच में ऐसा कर सकते हैं.कागज पर ऑस्ट्रेलिया के मुकाबले दक्षिण अफ्रीका टीम बैटिंग और बॉलिंग दोनों में ही अधिक संतुलित नजर आ रही.

## दबाव में होगी बाबर ब्रिगेड

## पाकिस्तान के दिग्गजों ने रोहित की बैटिंग को सराहा



अफगानिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया के रोहित शर्मा के तूफानी बैटिंग ने विपक्षी टीमों के लिए 'खतरे की घंटी' बजा दी है. बुधवार के इस मैच में रोहित जबर्दस्त लय में थे. उन्होंने अफगानिस्तान के सभी बॉलर्स पर 'हल्ला' बोल दिया. इसके बाद तो विपक्षी बॉलर और फील्डर उनके आगे बेबस ही नजर आए. 'हिटमैन' ने महज 84 गेंदों पर 16 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 131 रनों की पारी खेली. इस दौरान उनका शतक महज महज 63 गेंदों पर 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से पूरा हुआ.

यह रोहित की बैटिंग का ही कमाल था कि अफगान टीम के 272 रनों के सम्मानजनक स्कोर को टीम इंडिया ने महज 35 ओवर्स में दो विकेट खोकर हासिल कर लिया. इस जबर्दस्त पारी के बाद रोहित हर कहीं चर्चा में हैं. ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान पर जीत दर्ज कर चुकी टीम इंडिया को अपना अगला मैच 14 अक्टूबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से खेलना है, ऐसे में स?वाभाविक रूप से पड़ोसी देश के क्रिकेटरों और फैंस की चिंता बढ़ गई है.पाकिस्तान के स्पोर्ट्स चैनल स्पोर्ट्स पर बात करते हुए दिग्गज क्रिकेटर वसीम अकरम ने रोहित की जमकर प्रशंसा की. वसीम ने कहा, 'इसे कहते हैं कंट्रोल्ड काइंड ऑफ विन.बेशक अफगानिस्तान को ज्यादा अनुभव नहीं है लेकिन भारत ने जिस तरह से बैटिंग की, वह लाजवाब है.कोई चांस नहीं दिया, प्रॉपर शॉट खेली. ऐसा लगता है कि रोहित के पास दूसरे बैटरों की तुलना में ज्यादा समय होता है. उन्हें बैटिंग करते हुए देखना आनंददायक होता है. कोहली ने 50 किया, अच्छा लगा लेकिन रोहित तो अलग ही लगे. 'शोएब मलिक ने कहा कि रोहित जब मैच में टॉस के लिए आए थे तो अतिरिक्त आत्मविश्वास से भरे थे. जब आप पहला मैच बड़ी टीम से खेलते हैं और जीतते हैं. जैसा कि वे ऑस?ट्रेलिया के खिलाफ खेले और जीते, इसके बाद आप अलग आत?मविश?वास लेकर अगली टीम के खिलाफ उतरते हैं.

पाकिस?तान टीम के पूर्व कप?तान मिस?बाह उल हक (स्रद्धह्यड्डद्ध-ह्वद्य- ।ड्डह्न) ने कहा, 'यह बैटिंग देखने के बाद मुझे लगता है कि जिन टीमों को आगे खेलना है, पाकिस्तान को आगे भारत से खेलना है, वे निश्चित रूप से अंडर प्रेशर होंगी.बॉलर को समझ में नहीं आएगा कि बॉल करना कहां पर है. अगर आप आउट साइड द ऑफ स्टंप करते हैं तो चौका मार देते हैं. खिंचा हुआ बॉल करते हैं तो सामने उठाकर मारते हैं और थोड़ी शॉर्ट ऑफ लेंथ को आराम में स्क्वेयर लेग और फाइन लेग में छक्का मार देते हैं. जिस तरह से वे बैटिंग कर रहे हैं, मार्जिन ऑफ एरर काफी कम है.'

अकरम बोले कि बॉलर के सामने केवल यही सवाल होगा कि बचना किस तरह से है. पाकिस्तान टीम के पूर्व विकेटकीपर मोईन खान ने अपनी बात रखते हुए रोहित को आउट करने के प्लान पर भी चर्चा की. मोईन ने कहा, 'आज रोहित शर्मा ने जबर्दस्त लय में बैटिंग की. मुझे लग रहा है कि पाकिस्तानी बॉलर, उन्हें शुरू में ही आउट कर सकते हैं .अगर शाहीन शाह अफरीदी का अंदर आता हुआ यॉर्कर शुरुआती ओवर में ही पड़ जाए या एक ऐसा बाउंसर जो थोड़ा सा हाइट में ज्यादा हो, सर के ऊपर हो, तभी आप इनको पकड़ सकते हैं.आप लेंथ बॉलिंग करेंगे तो मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान के लिए यह आसान होगा.'

## नवीन उल हक और विराट की कैसे हुई दोस्ती?

मैच खत्म होने के बाद एक-दूसरे से हाथ मिलाने के दौरान नवीन ने कोहली का हाथ तक झटक दिया था. ऐसे में भारत-अफगानिस्तान मैच में दोनों के बीच खींचतान की आशंका लग रही थी लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ. विराट जब बल्लेबाजी कर रहे थे तब उन्होंने नवीन को गले लगा लिया.नवीन उल हक ने मैच के बाद न्यूज एजेंसी पीटीआई से बातचीत में कहा, मेरे और कोहली के बीच जो हुआ था वह मैदान के अंदर की बात थी. मैदान के बाहर हमारे बीच कोई मनमुटाव या विवाद जैसी बात नहीं थी. लोगों और मीडिया ने इसे बड़ा बना दिया था.





विराट कोहली और नवीन उल हक पुराने गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे के गले मिले. (क्क) विराट कोहली और नवीन उल हक पुराने गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे के गले मिले. (क्क)

भारत ने अफगानिस्तान को वर्ल्ड कप 2023 के अपने दूसरे मैच में 8 विकेट से हराया. मैच में इन दोनों टीमों के अलावा दो खिलाड़ियों के बीच भी टक्कर का फैंस को बेसब्री से इंतजार था लेकिन ऐसा कुछ हुआ नहीं. उलटे दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे के गले लग पुराने गिले शिकवे दूर कर लिए. हम बात कर रहे हैं विराट कोहली और अफगानिस्तान के पेसर नवीन उल हक की. आईपीएल 2023 के एक मैच में दोनों के बीच मैदान पर विवाद हो गया था. मैच खत्म होने के बाद एक-दूसरे से हाथ मिलाने के दौरान नवीन ने कोहली का हाथ तक झटक दिया था. ऐसे में भारत-अफगानिस्तान मैच में दोनों के बीच खींचतान की आशंका लग रही थी लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ. विराट जब बल्लेबाजी कर रहे थे तब उन्होंने नवीन को गले लगा लिया.

नवीन उल हक ने मैच के बाद न्यूज एजेंसी पीटीआई से बातचीत में कहा, मेरे और कोहली के बीच जो हुआ था वह मैदान के अंदर की बात थी. मैदान के बाहर हमारे बीच कोई मनमुटाव या विवाद जैसी बात नहीं थी. लोगों और मीडिया ने इसे बड़ा बना दिया था. उन्हें अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए ऐसे मामलों की जरूरत होती है. अब हम उससे आगे बढ़ चुके हैं. हमने एकदूसरे को गले लगाया और हाथ मिलाया.

अफगानिस्तान के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि विराट कोहली ने उनसे बीती बातों को भूलने को कहा. नवीन ने कहा, कोहली ने मुझे कहा कि हमें उन बातों को भूल जाना चाहिए. मैंने भी उन्हें जवाब दिया, मेरी तरफ से सारी बातें खत्म हो गई हैं. दर्शक मैदान पर अपने घरेलू क्रिकेटर के नाम का शोर मचाते हैं. कोहली का दिल्ली होम ग्राउंड था. वो अच्छे इंसान और खिलाड़ी हैं.

भारत के खिलाफ मैच में नवीन जब बल्लेबाजी के लिए उतरे थे तो दर्शक कोहली-कोहली का नारा लगाने लगे थे. ये नजारा तब भी दिखा था, जब नवीन गेंदबाजी कर रहे थे. कोहली ने बाद में दर्शकों को चुप रहने को कहा था. कोहली और नवीन के गले लगने के बाद दर्शकों ने अफगानिस्तान के गेंदबाज के खिलाफ हूटिंग करना भी बंद कर दिया था.

## भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ेगा : प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत 2036 ओलंपिक का आयोजन देश में करने के लिये अपने प्रयासों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा क्योंकि यह 140 करोड़ भारतीयों का सपना है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सत्र का उद्घाटन करते हुए कहा, " मैं आपके सामने 140 करोड़ भारतीयों की भावना रखना चाहूंगा। भारत अपनी धरती पर 2036 के ओलंपिक का आयोजन के प्रयासों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा।" उन्होंने कहा ,"यह 140 करोड़ भारतीयों का सपना है , उनकी आकांक्षा है।

इस सपने को हम आपके सहयोग से पूरा करना चाहते हैं। इससे पहले भारत 2029 में होने वाले युवा ओलंपिक की मेजबानी का भी इच्छुक है।"


प्रधानमंत्री मोदी ने कहा ," मुझे विश्वास है कि भारत को आईओसी का निरंतर सहयोग मिलता रहेगा।भारत बड़े स्तर पर वैश्विक आयोजन की मेजबानी के लिये तैयार है। यह दुनिया ने जी20 की मेजबानी के दौरान देखा है।" उन्होंने आगे कहा ," अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का 141वां सत्र भारत में होना बहुत ही खास है।40 साल बाद भारत में आईओसी का सत्र होना हमारे लिये बहुत गौरव की बात है।" उन्होंने कहा ," बीते वर्षों में भारत ने हर प्रकार के वैश्विक खेल टूर्नामेंट आयोजित करने के अपने सामर्थ्य को साबित किया है। हमने हाल ही में शतरंज ओलंपियाड का आयोजन किया जिसमें विश्व के 186 देश शामिल हुए।

हमने महिला फुटबॉल अंडर 17 विश्व कप, पुरूष हॉकी विश्व कप, निशानेबाजी विश्व कप की भी मेजबानी की।"

उन्होंने कहा ," भारत में हर वर्ष दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग में से एक (आईपीएल) का भी आयोजन करता है। इस समय भारत में क्रिकेट विश्व कप भी चल रहा है। उत्साह के इस माहौल में सब यह सुनकर भी खुश हैं कि आईओसी के कार्यकारी बोर्ड ने क्रिकेट को 2028 ओलंपिक में शामिल किये जाने का प्रस्ताव रखा है।" उन्होंने कहा ," हमें उम्मीद है कि इस बारे में जल्दी ही सकारात्मक खबर सुनने को मिलेगी।" उन्होंने अहमदाबाद में विश्व कप में भारत की पाकिस्तान पर जीत का जिक्र करते हुए कहा ," अब से कुछ मिनट पहले भी भारत ने अहमदाबाद में दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में बहुत ही शानदार जीत दर्ज की है। मैं टीम भारत को और सभी भारतवासियों को इस ऐतिहासिक जीत की बधाई देता हूं।"

### पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले जसप्रीत बुमराह का बयान

## कहा- दूसरी टीम पर नहीं, अपनी तैयारियों पर ध्यान



जसप्रीत बुमराह ने कहा है कि दूसरी टीमों के बारे में ज्यादा सोचने की जगह भारत मौजूदा एकदिवसीय विश्व कप में अपनी तैयारियों के साथ उन चीजों पर ध्यान दे रहा है जो उसके नियंत्रण में है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा है कि दूसरी टीमों के बारे में ज्यादा सोचने की जगह भारत मौजूदा एकदिवसीय विश्व कप में अपनी तैयारियों के साथ उन चीजों पर ध्यान दे रहा है जो उसके नियंत्रण में है। अफगानिस्तान पर आठ विकेट से जीत के बाद पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बारे में पूछे जाने पर कहा, " पाकिस्तान के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज है, हमारे पास भी अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज है। हम दूसरों के बारे में सोचने की जगह अपनी चीजों पर ध्यान दे रहे है।"

इस तेज गेंदबाज ने कहा, "हमने यह महसूस किया है हमें अपनी टीम और अपने मजबूत पक्ष को दुरुस्त करना चाहिये। बाकी चीजें अपने आप सही हो जाती है। हम अपनी तैयारियों के साथ उन चीजों पर ध्यान दे रहे है जो हमारे नियंत्रण में है।" भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ यह मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेलेगी। बुमराह अपने घरेलू मैदान में खेलने को लेकर उत्साहित है।उन्होंने कहा, " मैं पिछले काफी समय से घर से दूर हूं और अहमदाबाद में मुझे मां और परिवार से मिलने का मौका मिलेगा। मैंने उस मैदान में टेस्ट मैच खेला है लेकिन यह मेरा पहला एकदिवसीय मैच होगा। वहां माहौल शानदार होगा।" अफगानिस्तान के खिलाफ बल्लेबाजी के लिए आसान पिच पर 10 ओवर में 39 रन देकर चार विकेट लेने वाले बुमराह ने कहा कि वह परिणाम के बारे में ज्यादा सोचे बिना परिश्रम पर ध्यान देते है।उन्होंने कहा, " मैं उस तरह का खिलाड़ी नहीं हूं जो नतीजों पर ध्यान देता है। मैं अपनी तैयारियों पर ध्यान देना पसंद करता हूं। मैंने चार विकेट लिये इसका यह मतलब नहीं की मै बहुत खुश हूं।" इस अनुभवी गेंदबाज ने कहा, " मैं विकेट को परख कर गेंदबाजी करने की कोशिश करता हूं। इस मैच में मुझे नतीजा मिला लेकिन अगले मैच में भी मैं सफल रहूंगा इसकी कोई गारंटी नहीं है। ऐसे में मैं अपनी मजबूत पक्ष पर ध्यान देने के साथ विकेट के मुताबिक गेंदबाजी करने की कोशिश करता हूं।"

बुमराह ने दिल्ली की पिच को बल्लेबाजों के लिए मददगार करार देते हुए कहा, " यह पिच बल्लेबाजों के लिए आसान थी। तेज गेंदबाजों को थोड़ा स्विंग मिल रहा था लेकिन गेंद बल्ले पर आसानी से आ रही थी।

# पुलिस की नाकामी से इटावा में न हो जाए देवरिया नरसंहार पार्ट 2



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । प्रदेश में जमीन से जुड़े विवादों को लेकर देवरिया, सुल्तानपुर, कौशाबी और कानपुर देहात में दोहरे हत्याकांड की घटनाओं के बाद भी इटावा पुलिस जमीन सम्बंधित विवाद में दबंगई के शिकार पीड़ित को न्याय नही दिला पा रही है। पीड़ित को न्याय की गुहार लगाने 200 किलोमीटर दूर कानपुर में एडीजी ज़ोन के यहाँ तक आना पड़ रहा है। ताजा मामला इटावा के चौबिया थाना क्षेत्र के ग्राम बरलोकपुर निवासी आमोद कुमार दुबे का है जिन्होंने कानपुर एडीजी ज़ोन आलोक सिंह से अपने पुत्र पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने की गुहार लगाई जिसपर एडीजी द्वारा इटावा पुलिस को कार्यवाही के निर्देश दिए गए है इटावा के चौबिया थाना क्षेत्र के ग्राम बरलोकपुर निवासी किसान आमोद कुमार दुबे ने बताया कि उनकी ग्राम बरलोकपुर में पुस्तैनी खेतिहर भूमि है। आरोप है कि दबंग प्रधान विशुन लाल कठेरिया और इसके गुर्गे बृजेंद्र जाटव, विपिन जाटव, कृष्ण कठेरिया, विरल दुबे और रूपेश कुमार दुबे की नीयत उनकी जमीन पर खराब है और ये सभी अपनी दबंगई और राजनैतिक रसूख़ के दम पर भूमि पर जबरन कब्जा करना चाहते है। इन लोगों ने 29 सितम्बर की रात को उनके पुत्र यशवंत दुबे तथा नाती दीपक कुमार पर जानलेवा हमला किया था जिससे उनके पुत्र यशवंत दुबे गम्भीर रूप घायल हो गया था, जिसे पुलिस ने बसरेहर सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया था जहाँ गम्भीर हालत होने के कारण उसे जिला अस्पताल इटावा रेफर कर दिया था जिसके बाद पीड़ित ने थाना चौबिया में प्रधान और उसके साथियों के खिलाफ बलवा, जानलेवा हमला और धमकी जैसी गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया था। जिसमे से अभी तक एक आरोपी रूपेश कुमार दुबे की गिरफ्तारी हुई है जबकि अन्य आरोपी फरार चल रहे है। पीड़ित का आरोप है दबंग प्रधान और उसके गुर्गे खुलेआम देवरिया नरसंहार की तरह उसके पूरे परिवार के नरसंहार करने की धमकी देते हुए घूम रहे है जिसकी जानकारी देने के बावजूद पुलिस प्रधान और उसके साथियों को गिरफ्तार नही कर रही है।

# बीपीएस न्यूज में सह संपादक अरुण कुमार अस्थाना व मंडल ब्यूरो बनाए गए राजू यादव

## बीपीएस न्यूज ने पटकापुर, कानपुर में बनाया जिला कार्यालय






**कार्यालय संवाददाता**

कानपुर। बिरहाना रोड, केपीएम अस्पताल के पास पटकापुर क्षेत्र में बी पीएस न्यूज के साथियों ने जिला कार्यालय खोला।

जिला कार्यालय में बीपीएस न्यूज संपादक बी.पी. साहू द्वारा अरुण कुमार अस्थाना को सह संपादक व राजू यादव को मंडल ब्यूरो पद पर मनोनीत किया गया ।साथ ही दोनों पदाधिकारी को आई कार्ड देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। इसके बाद न्यूज टीम के सभी साथियों ने पुष्पमाला पहनाकर पदाधिकारियों का उत्साह बढ़ाया ।बीपीएस न्यूज सलाहकार कृपा शंकर राय ने सभी साथियों का मार्गदर्शन करते हुए समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। नवनिर्वाचित दोनों पदाधिकारी ने न्यूज संस्थान को आगे बढ़ाने व समाज में छिपी हुई बुराइयों को समाप्त करने की बात कही ।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बी.पी. साहू (संपादक), अरुण कुमार अस्थाना (सह संपादक), कृपा शंकर राय (सलाहकार), राजू यादव (मंडल ब्यूरो), संतोष कुमार पांडे (छाया कार), नवीन गुप्ता (विज्ञापन प्रतिनिधि), विनय कुमार (शिक्षा संवाददाता), अर्जुन विक्रम सोमवंशी (संवाददाता),




सतीश चंद्र शर्मा (संवाददाता), सुनील कुमार (प्रशिक्षु संवाददाता), मुकेश कुमार सहित क्षेत्र के सम्मानित साथी मौजूद रहे।

# पालक, गाजर, टमाटर और नट्स, बीन्स आदि आंखों की सेहत के लिए है लाभकारी

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर, आंखों से संबंधित बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में लोगों का ध्यान आकर्षित करने और बचाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल अक्तूबर माह के दूसरे गुरुवार को वर्ल्ड साइट डे मनाया जाता है। इस बार का थीम है- अपनी आंखों से प्यार करें, कार्यस्थल पर आंखों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें ।नेत्र विभाग , लाला लाजपत राय अस्पताल , के तत्वाधान ने मरीज़ों को जागरूक करते हुए व्याख्यान किया गया जिसमें कि अपनी आँखों का कैसे ख्याल रखें उन पर प्रकाश डाला गया । इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉक्टर शालिनी मोहन ने निम्नलिखित बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, गाजर , टमाटर और नट्स, बीन्स आदि आंखों की सेहत के लिए लाभकारी हैं ।थाली में कई रंगों वाली सब्जियों-फलों को दैनिक आहार का हिस्सा बनाएं। ओमेगा-3 फैटी एसिड, ल्यूटिन, जिंक और विटामिन-सी और ई जैसे पोषक तत्व मैक्यूलर डिजनरेशन और मोतियाबिंद जैसी उम्र से संबंधित दृष्टि समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकते हैं। आंखों को स्वस्थ रखने के लिए सबसे जरूरी है कि आपका आहार स्वस्थ और पौष्टिक हो।



# गुजरात से आया छह टन कैरीबैग का जखीरा जब्त








**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सटीक मुखबरी पर, नगर निगम प्रवर्तन अधिकारी कर्नल आलोक नारायण के नेतृत्व में सुबह बर्रा बायपास पर प्रवर्तन दल द्वारा नाका लगाया गया।

गुजरात की एक डीसीएम ट्रक जीजे16एवी 0738 को नाके द्वारा पकड़ा गया जिसमें 6 टन काले कैरीबैग लोड थे। यह माल हलोल गुजरात की तीन फैक्ट्रियों से आया था और देवरिया एवं बस्ती जा रहा था। इसी ट्रक में लोहे की जाली और कांच के ग्लास भी लोड थे जो नेपाल और बलरामपुर जा रहे थे।

ट्रक को तत्काल नगर निगम लाया गया। जांच करने पर इसमें प्रतिबंधित कैरीबैग की 233 बोरियां निकलीं जिसका कुल वजन 6 टन था जिसकी बाजार में कीमत करीब 8 लाख रुपए है। पैकेट पर 125 माइक्रोन लिखा था लेकिन नापने पर पन्नी की मोटाई केवल 30 माइक्रोन निकली।

इन बोरियों का माल जब्त कर पनकी कूड़ा प्लांट नष्ट करने के लिए भिजवा दिया गया। अन्य वैध सामान को ट्रक ड्राइवर के हवाले कर दिया। राजस्व निरीक्षक शेख नफीस द्वारा एक लाख का जुर्माना लगाया गया है, जो देर शाम तक जमा नहीं होने के कारण ट्रक नगर निगम परिसर में ही खड़ा किया गया है। प्रवर्तन दल द्वारा अभी तक की यह सबसे बड़ी कैरीबैग की बरामदगी है ।नगर आयुक्त श्री शिवशरणप्पा जी एन, आईएएस व्यक्तिगत रूप से प्रवर्तन दल से मिले और इस कार्य के लिए बधाई दी ।इस अभियान में प्रवर्तन दल के सूबेदार रामेंद्र सिंह, वीरेंद्र स्वरूप, अवधेश, लक्ष्मण, हवलदार जितेंद्र बहादुर, धनंजय, जितेंद्र सिंह, राज नारायण , राम नरेश, भूपेंद्र, इंद्रजीत आदि शामिल रहे।

# बालिका दिवस पर पोस्टर व कंटेंट राइटिंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन







**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। किदवई नगर स्थित महिला महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष में अंग्रेजी विभाग द्वारा पोस्टर और कंटेंट राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो अंजू चौधरी ने किया ।वही प्राचार्या ने छात्राओ को संबोधित करते हुए बताया कि इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को अपने विषय की गहन जानकारी प्राप्त होती है।

जो कि भविष्य छात्राओ के भविष्य का प्रचारक होगी। प्राचार्या ने कार्यक्रम में भागीदारी के लिए छात्राओं का उत्साहवर्धन भी किया। यही नही डॉ निशी सिंह विभाग अध्यक्षा ने छात्रों को अंग्रेजी विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी ।वही निर्णायक मंडल की सदस्य डा.सबा यूनुस ने छात्राओ का प्रतियोगिता परिणाम घोषित करते हुए प्रतिभागी छात्राओं के प्रयासों को सराहा।

इस अवसर पर 250 से अधिक छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम में मौजूद प्रो प्रतिभा श्रीवास्तव, प्रो कल्पना श्रीवास्तव ने छात्राओं के प्रयासों को सराहा। जहा कार्यक्रम में विभाग के सदस्य डॉ इंदु मिश्रा ,डॉ पारुल अवस्थी और डॉ अर्चना त्रिवेदी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# थाना रेलबाजार पुलिस द्वारा 4 व्यक्तियों को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए किया गिरफ्तार

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर। पुलिस आयुक्त व पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन एवं अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी एवं सहायक पुलिस आयुक्त छावनी के कुशल निर्देशन में सूचना प्राप्त हुयी कि फेथफुल बाजार शुलभ शौचालय के पास कुछ लोग सट्टे का कारोबार कर रहे है के क्रम में थाना रेलबाजार पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर अभिगोकुल 04 नफर को घेरकर पकड/गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 04 अदद पीले कपड़े के बन्डल जिसमे 55580/- रुपये व 18 अदद सट्टा पर्चा व 02 अदद पार्केट डायरी व 04 अदद डाट पेन बरामद हुआ। जिसके क्रम में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 202/2023 धारा 13 सार्व0 जुआ अधि0 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है विवरण अभिगण बरामदगी गिरफ्तारी निम्नवत् है नाम पता अभियुक्तगण अम्बुज शाहू पुत्र अजय साहू निवासी 554 फेकुलगंज थाना रेलबाजार कानपुर नगर उम्र 20 वर्ष 2. कुमार पुत्र राजकुमार निवासी 545 मीरपुर कैन्ट हरदेव मन्दिर के पास थाना रेलबाजार कानपुर उम्र 21 वर्ष नितीश कुमार पुत्र रामचन्द्र निवासी हाता नं. 01 रेलबाजार थाना बैलबाजार कानपुर नगर उम्र 20 वर्ष राजेन्द्र शाह पुत्र बदूलाल शाह निवासी 144 फेकुलगंज थाना रेलबाजार कानपुर नगर उम्र 45 वर्षबरामदगी का विवरण 04 अदद पीले कपड़े के बन्डल जिसमे 55580/- रुपये 18 अदद सट्टा पर्ची 02 अदद पार्केट डायरी व 04 अदद डाट पेन गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरण: उ0नि0 दिग्विजय सिंह 2. उ0नि0 गजेन्द्र सिंह चाहर का0 4764 रविवार किरनका0 1116 अंकुर कुमार हे0का0 1633 आरिफ हुसैन का 383 चरन सिंह!

# जन जागरूकता अभियान हेतु निकली गई दो पहिया वाहन रैली

**अरुण अस्थाना ( सह संपादक )**







कानपुर। मिशन शक्ति के विशेष अभियान के शुभारंभ के अंतर्गत प्रात: 8:00 बजे जुहारी देवी गर्ल्स पीजी कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर ममता वर्मा के निर्देशानुसार एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर रागनी स्वयंसेविकाओं के साथ जनपद मुख्यालय में दो पहिया वाहन से जन जागरूकता अभियान हेतु महिला सशक्तिकरण की रैली में शामिल हुई। जो पुलिस लाइन से निकलकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए मर्चेंट चेंबर हाल पर समाप्त हुई। महाविद्यालय की मिशन प्रभारी प्रोफेसर ज्योति अग्निहोत्री एवं प्रोफेसर मंजू कुशवाहा ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

# सिंचाई विभाग कर्मचारियों ने प्रमुख अभियंता का पुतला फूफा, जमकर किया विरोध प्रदर्शन

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग



कानपुर। मिनिस्टीरियल एसोसियेशन इरिगेशन डिपार्टमेन्ट, उ0प्र0, जनपद शाखा कानपुर के द्वारा लिपिक संवर्ग में प्रोन्नति के 5 वर्ष बाद भी पदस्थापना न किया जाना व गोवर्धन सिंह प्रान्तीय महामंत्री का स्थानान्तरण अलोकतान्त्रिक तरीके से किये जाने के विरोध में कानपुर जनपद के समस्त खण्डो के लिपिक सर्वग के समस्त कर्मचारियों ने मिलकर कार्यालय कानपुर प्रखण्ड निचली गंगा नहर, कानपुर के प्रांगड में जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रमुख अभियन्ता ए0के0 जैन का पुतला जलाकर विरोध दर्ज किया गया। मोंगे न माने जाने पर दिनांक 31.10.2023 को कार्यालय प्रमुख अभियन्ता लखनऊ में धरना प्रर्दशन के साथ-साथ प्रमुख अभियन्ता ए0के0 जैन का पुतला जलाया जायेगा। जिसमें मुख्य रूप जगदीश पाल प्रान्तीय सरक्षक मनोज सचान जनपद अध्यक्ष अमित कुमार यादव जिलामंत्री, हरगोविन्द, ज्योति खन्ना उपाध्यक्ष, विनोद कुमार प्रान्तीय उपाध्यक्ष, अभिषेक सचान धीरेन्द्र चतुर्वेदी, अंकित पटेल प्रान्तीय पदाधिकारी, शिवम यादव, मनीष बनर्जी, संजय सिंह आदि सहित भारी संख्या में लोग उपस्थिति रहे।

# इलाके की स्ट्रीट लाइट खराब होने से अपराध होने का खतरा बरकरार, नवरात्रि के त्योहार पर भी नहीं सही हुई लाइट

कानपुर। विगत दिनों पार्षद ने सीढ़ी में चढ़कर लाईट ठीक कर प्रदर्शन जताया था। जिस बात की सूचना मार्ग प्रकाश को मिलने पर अधिकारियो के हाथ पाव फूल गए थे। मौके पर पहुंचकर अधिकारियो से लेकर कर्मचारियों ने इलाके की सारी स्ट्रीट लाईट सुचारू रूप से चलने का आश्वासन दिया था। बताते चले विगत 20 सितंबर को वार्ड 14 की पार्षद शालू कनौजिया द्वारा किए गए प्रदर्शन के पश्चात भी अधिकारियों ने चार-पांच लाइटों की फोटो खींचकर और ठीक होने की सूचना उच्च अधिकारियों को देकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली लेकिन वार्ड के पार्षदों से हालात जानने की कोशिश तक नहीं की वार्ड 14 ही नहीं शहर के अधिकांश वार्डो में लाइटों की स्थिति दर से बदतर होती जा रही है। वही पार्षद से वार्ता करने पर बताया कि नवरात्रि त्यौहार की आज से शुरुआत है जिसके बावजूद इलाके की करीब 300 स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हुई है। जिससे रात में महिलाएं घर से बाहर निकलने को मजबूर है। यही नही इलाके की स्ट्रीट लाइट बंद होने से इलाके में अपराध होने का खतरा निरंतर बना रहता है। वही यह भी बताया कि ईईएसएल कंपनी कर्मचारियों द्वारा काम न किए जाने से मैन पावर की कमी आ गई ।आउटसोर्सिंग जेई राधा कृष्ण को अधिकारी मैन पावर मुहैय्या नही कराते है। जिससे वह काम करने में असमर्थ है।

# डीबीएस कालेज में गणित विभाग में छात्र परिषद का हुआ गठन




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। डीबीएस कालेज में गणित विभाग में छात्र ङ्क परिषद का गठन हुआ। चयनित किए गए नवनिर्वाचित सदस्यो को शपथ ग्रहण कराई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि कालेज में गणित विभाग में छात्र परिषद का गठन हुआ जिसमे अध्यक्ष वैभव त्रिपाठी, उपाध्यक्ष आकाश शर्मा, एवं महामंत्री पद हेतु कु आयुषी शर्मा को चयनित किया गया। चयनित किए गए सदस्यो को शपथ ग्रहण कराई गई। जहा समारोह में डा अशोक श्रीवास्तव, प्रो एसएस शुक्ला, डा नीति सिंह , डा महेश चंद्र, डा शिल्पी सक्सेना एवं डा सतवंत कुमार यादव आदि लोग उपस्थित थे।

# सीजनल अमीन संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने विधायक सुरेन्द मैथानी के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

## सभी सीजनल अमीनो व अनुसेवकों का समायोजन करने की मांग



कानपुर। विगत कई वर्षो से सीजनल संग्रह अमीनो व अनुसेवकों के विनियमितिकरण का मामला शासन में लम्बित है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी विनियमितिकरण की कार्यवाही नहीं हो पा रही थी। जिसको लेकर राजस्व संग्रह सीजनल अमीन कर्मचारी सेवक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने आज मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन विधायक सुरेन्द मैथानी को सौंपा। विधायक सुरेन्द मैथानी मुख्यमंत्री के सामने सीजनल अमीनों व अनुसेवकों के समायोजन का मामला रखेंगे। वीरेन्द्र कुमार ने सुरेन्द मैथानी को बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के 46 मंत्री, सांसद, विधायको ने सीजनल अमीनों व अनुसेवकों के विनियमितिकरण की सिफारिश की है उसके बावजूद विनियमितिकरण नहीं हो सका है जिससे सीजनल संग्रह अमीनो व अनुसेवकों का भविष्य खराब हो रहा है। विधायक सुरेन्द मैथानी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी से 15 अक्टूबर को मुलाकात कर समस्या का समाधान करवाने की कोशिश करेंगे।

# जुहारी देवी गर्ल्स पीजी कॉलेज मे अपने कर्तव्यो को पूरा करने एवं वृक्षारोपण के लिए किया प्रेरित



कानपुर। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम अभियोजना के अंतर्गत जुहारी देवी गर्ल्स पीजी कॉलेज कानपुर नगर की प्रचार्या प्रो. ममता वर्मा के संरक्षण में एन.एस.एस. एकाई द्वारा अमृत कलश यात्रा, को महाविद्यालय परिसर मे चालाया एवं सभी एन.एस.एस. टीम द्वारा पंच प्रण की प्रतिज्ञा ली गई। कार्यकर्म अधिकारी डॉ. रागिनी ने स्वम सेविकाओं से देश के प्रति अपने कर्तव्यो को पूरा करने एवं वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू व्हाट्सअप 9335908846 मो.: 8423454502 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी।